Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 52 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, रविवार 04 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अपरिग्रह वृत्ति ही हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है।

Abstinece from infatuation is our greatest wealth of the soul.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने केन्द्र तथा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की**

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ताहीन निर्माण करने वाले एजंसियों पर कड़ी कार्यवाही करें : शर्मा

**रायपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के समग्र विकास, किसानों के आर्थिक विकास के लिए नई सिचाई परियोजनाओं, वनांचल सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया है।

श्री शर्मा ने कबीरधाम जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान वहां कलेक्ट्रोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्र तथा राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमो की गहन समीक्षा की। उन्होने समीक्षा बैठक में जिले के वंनाचल क्षेत्रों में अधोसरंचना, पुल-पुलिया, सड़क, पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि उपज मंडी के स्वीकृत विकास कार्य, विधायक निधी, प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत कार्य, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास कार्य, त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थानों के क्षमता विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य, मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य, लोक निर्माण विभाग के कार्य, नई सिचाई परियोजनाओं, वनांचल सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैकिंग सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की गहन समीक्षा की। उन्होने संबंधित विभागों को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी स्वीकृत कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि उपज मंडी द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य को प्रांरभ नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जाताई। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य मे यदि गुणवत्ताहीन की शिकायत मिलती है ऐसे निमार्ण कार्यों की सभी पहलुओं की जांच कराई



जाएगी और संबंधित विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्माण एंजेसी तथा संबंधित ठेकेदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।उन्होने कलेक्टर को समय-समय पर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए भी कहा।

कबीधाम जिले के ग्रामीण व सूदूर वनांचल क्षेत्रों मे होगा बैकिंग सुविधाओं का विस्तार उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कबीरधाम जिले में किसानों के आर्थिक समृद्धि के लिए जिले के सूदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की पांच नई शाखा खोलने के प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। इन पांच नई बैकिंग शाखाओं में सूदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चिल्फी, कोयलारी, झलमला, सुरजपुरा और राजानवागांव शामिल है। इन ग्रामो में बैकिंग सुविधाओं के विस्तार होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा साथ ही शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मिलेगे।

उन्होंने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को राजनांदगांव से पृथक कर स्वतंत्र कबीरधाम जिले के लिए बैंक खोलने के प्रस्ताव बनाने के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक कबीरधाम जिले के कूकदूर से लेकर मानपुर-मोहला तक कुल चार जिले संचालित हो रहे है, कार्य क्षेत्र विस्तार अधिक होने के कारण बैंकिंग से जु? किसानो की समस्याओं का निराकरण करने में विलंब हो जाता है, इसलिए कबीरधाम जिले में पृथक से बैंक खोलने पर विचार करने की जरूरत है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समीक्षा बैठक में ठाकुर देव चौके से लेकर नए हाईटेक बस स्टैण्ड तक सड़क चौड़ी करण, कवर्धा से सरोध मार्ग के चौड़ीकरण के प्रस्तावित कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कवर्धा शहर के विस्तार को विशेष ध्यान में रखते हुए रायपुर-बिलासपुर मार्ग के लिए नए बाई पास निर्माण के लिए नेशनल हाईवे के अधिकारियों को सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में राज्य शासन द्वारा कवर्धा से होते हुए खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला, मानपुर व बस्तर को जोड़ने वाले राजकीय मार्ग को नेशनल हाईवे में शामिल करने के प्रस्ताव की जानकारी भी दी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से रायपुर से बिलासपुर बाईपास मार्ग सात किलोमीटर के चौड़ी करण के प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने जिले में रसोई गैस सिलेण्डर की सुगम आपूर्ति बनाए रखने के लिए जिले और कवर्धा शहर के लिए कुल चार नए गैस एजेंसी की स्वीकृति के लिए शासन एवं कपंनी को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 12 एजेंसियों के माध्यम से रसोई गैस सिलेण्डर की आपूर्ति की जा रही है। उन्होने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से वनांचल सहित सूदूर ग्रामीण क्षेत्र तरेगांव जंगल, दलदली, रामपुर, भिभौरी, इंदौरी, चिल्फी और राजानंवागांव क्षेत्र के आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कुल सात एम्बुलेंस की खरीदी के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 26 एम्बुलेंस संचालित हो रही है, जिमसें बाइक एम्बुलेंस, 108 और 102, हाट बाजार क्लिनिंक की एम्बुलेंस शामिल है। बैठक में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रम के उन्नयन, विस्तार, निर्माण कार्य, स्कूल भवन निर्माण की नई स्वीकृति, स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा उपकरण की खरीदी, जिले में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए आवश्यक भवन की उपलब्धता की तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वन विभाग के तहत तेंदूपत्ता खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गौ अभ्यारण्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी ने बताया कि बैगा बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत पीएम जनमन योजना के तहत 47 सड़क की स्वीकृति मिली है, जिसकी कुल लंबाई 186 किलोमीटर है।

## वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 344 हुई, रेस्क्यू पांचवें दिन भी जारी

**वायनाड।** केरल के वायनाड में हुए भस्खलन में मरने वालों की सं या बढ़कर 344 हो गई और 206 लोग अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू टीम का शनिवार को पांचवें दिन भी ऑपरेशन जारी है।रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवा और स्वयंसेवकों के 1,500 से अधिक कर्मियों वाली बचाव टीम ने शनिवार सुबह चार सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पुंचिरीमाडोम में तलाशी शुरू कर दी है। अब तक 146 शवों की पहचान हो चुकी है, जबकि 74 की पहचान होनी बाकी है। मृतकों में 30 बच्चे भी शामिल हैं। मलबे से बड़ी सं या में क्षत-विक्षत शरीर के अंग भी बरामद किये



गए हैं।

यहां लगभग 100 राहत शिविर हैं, जिनमें लगभग 9,500 लोगों को स्थानांतरित किया गया है। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 84 लोग भर्ती हैं। 122 टेरिटोरियल आर्मी में लेी टनेंट कर्नल और कन्नूर इकाई से जुड़े अभिनेता मोहनलाल अपनी इकाई के साथ शनिवार सुबह प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। सैन्य वर्दी पहने मोहनलाल सबसे पहले मैप्पडी में स्थित बेस कै प पहुंचे और रक्षा बलों से मुलाकात की। फिर वह चूरलमाला पहुंचे और बचाव दल के साथ बातचीत की।

## मुख्यमंत्री ने हाई-स्पीड फोरलेन रोड की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रायपुर से रांची नेशनल हाईस्पीड कारीडोर प्रोजेक्ट अंतर्गत पत्थलगांव, जशपुर से गुमला (झारखंड) तक के लिए हाई-स्पीड फोरलेन रोड की स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना दोनों राज्यों छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों के साथ जशपुर निवासियों को इस हाई-स्पीड फोरलेन रोड परियोजना की स्वीकृति की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि पत्थलगांव से गुमला तक फोरलेन सड़क के निर्माण से रायपुर और रांची के मध्य यात्रा सुगम होने के साथसाथ यात्रा में समय की भी बचत होगी। सड़क परियोजना पूर्ण होने से दोनो राज्यों में विकास कार्यों की गति में भी तेजी आएगी।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने हरेली त्यौहार की बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को हरेली त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में श्री साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति यहां के उत्सवों में प्रमुखता से दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ का लोक त्यौहार हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि इस बार हम धरती माता का आभार उनकी पूजा करने के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाएं और हरेली की खुशियां मनाएं। श्री साय ने कहा कि हरेली त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए।

## कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स आवर्ड से सम्मानित

**रायपुर।** फैडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स के नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और कॉरपोरेट अफेयर्स राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बल्देव भाई शर्मा को फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स अवार्ड प्रदान किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में देश भर से अंग्रेजी, हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के प्रमुख प्रकाशक सम्मिलित हुए। सम्मेलन में कई सत्रों में पुस्तक प्रकाशन से जुड़े कॉपीराइट, रॉयल्टी, पठन संस्कृति का विकास, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पायरेसी सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विमर्श




हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रो. शर्मा द्वारा नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया के अध्यक्ष रहते पुस्तक प्रकाशन और पुस्तक संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। प्रो. शर्मा को फ्रेंड्स ऑफ पब्लिशर्स आवर्ड से सम्मानित होने पर देश के पत्रकारिता और शिक्षा से जुड़े लोगों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## रावतपुरा विवि दीक्षारंभ समापन समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

### प्राचीन भारतीय दर्शन एवं ज्ञान हमें मानवता के प्रति संवेदनशील और उत्तरदाई बनाते हैं: डॉ. रविंद्र शुक्ला

**रायपुर( विश्व परिवार )।** एस.आर.यू में आयोजित त्रीदिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतिम दिन भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री (यू.पी) एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शुक्ला रहे। समारोह में नव प्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।




यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस.के.सिंह ने स्वागत उद्बोधन में मंचासीन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि, शिक्षक और नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत और कृत्यज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इस यूनिवर्सिटी का शिक्षा प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण करना और व्यष्टिवादी नहीं वरन समष्टिवादी बनाना है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी साहित्य भारती, से.नि. सचिव ओबीसी आयोग (छ.ग.) के जिला अध्यक्ष डॉ.बलराम दाऊ साहू ने विद्यार्थियों को अपने आत्मतत्व को पहचानने के लिए श्रीमद भागवत गीता और रामायण में अन्तर्निहित सामाजिक दर्शन, शिक्षा दर्शन, जीवन दर्शन और आत्मदर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही।

अपने उद्बोधन में डॉ. चितरंजन कर, से.नि.प्रो. साहित्य एवं भाषा में एसओएस, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारत देश मानवता की जन्म भूमि है जहाँ सत्य ही ज्ञान है और स्वाध्याय के माध्यम से आत्मज्ञान प्राप्त करना ही परम ज्ञान है।

मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र शुक्ला ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व और औचित्य को समझाते हुए नव प्रवेशित विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन का परामर्श दिया ।उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय दर्शन एवं ज्ञान हमें मानवता के प्रति संवेदनशील और उत्तरदाई बनाते हैं। ये हमारे आत्म विश्वास को बढ़ाने वाली गर्वोक्ति का उन्नयन करते हैं।

तत्पश्चात मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा लेखिका सुषमा पाठक रानू की गीत संग्रह मारो गोली गम को सारे और लेखिका डॉ. सुनीता मिश्रा की यात्रा संस्मरण अबूझमाड़ से मणिकर्णिका तक का विमोचन किया गया ।

समापन समारोह में आयोजित कवि सम्मलेन में डॉ. सुनीता मिश्रा ने कविताओं के माध्यम से सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया और नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने बॉलीवुड और छत्तीसग ?ी स्टाइल में ग्रुप डांस एवं ग्रुप सांग में भी अपने हुनर का परिचय दिया।

कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सागर साहू द्वारा किया गया ।

## भवन निर्माण अनुज्ञा हेतु साफ्टवेयर का सरलीकरण किया जाएगा : श्री चौधरी

**रायपुर।** आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी चौधरी आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ. पी चौधरी ने आज यहां न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की समीक्षा की, जिसमें राज्य के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी उपस्थित हुए। मंत्री श्री चौधरी ने विभागीय समीक्षा बैठक में आवासीय कालोनियों के विकास अनुज्ञा, नियमितिकरण, विकास योजना तथा भवन निर्माण अनुज्ञा में सरलीकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने ऑनलाईन प्रक्रिया में आ रही कठिनाईयों के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा उक्त समस्या को देखते हुए साफ्टवेयर में सरलीकरण करते हुए समस्त कार्यालय प्रमुखों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। मंत्री श्री ओ. पी चौधरी द्वारा नए जिलों में कार्यालयों की स्थापना एवं कर्मचारियों के पद सरंचना के पुन:निर्धारण पर भी चर्चा की गई साथ ही राज्य के प्रमुख जिले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगाँव जैसे बड़े शहरों में कर्मचारियों-अधिकारियों के पद सरंचना में वृद्धि करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की



उचित व्यवस्था से आमजनों के प्रकरणों का निराकरण सुगमता से समय-सीमा पर किया जा सकता है। मंत्री ओ. पी चौधरी ने संचालक सौरभ कुमार को यह निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों के प्रकरणों का निराकरण करें। कार्यो में पारदर्शिता एवं तत्परता दिखनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलने के समय का निर्धारण कर इसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर अवश्य लगाए।

इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण की सचिव श्रीमती आर. संगीता, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संचालक श्री सौरभ कुमार, अपर संचालक संदीप बांगडे, सहित समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रमुख अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## एएम/एनएस इंडिया ने चित्रकोंडा उच्च प्राथमिक विद्यालय में एआई सक्षम डिजिटल पाठशाला क्लास रूम का उद्घाटन

**एएम/एनएस इंडिया की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाने में मदद मिलेगी।**

### एएम/एनएस इंडिया द्वारा नई पीढ़ी के लिए अत्याधुनिक शिक्षण की शुरुआत।

**रायपुर ।** एएम/एनएस इंडिया द्वारा चित्रकोंडा- उच्च प्राथमिक विद्यालय में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सक्षम डिजिटल पाठशाला क्लासरूम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर - श्री नटबर गराडा (तहसीलदार, चित्रकोंडा ), सुश्री गायत्री देवी (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चित्रकोंडा),श्री प्रवीण पी.( प्लांट प्रभारी-एएम/एनएस इंडिया चित्रकोंडा), सुश्री राजेश्वरी खिल्लो (अध्यक्ष-जिला परिषद् चित्रकोंडा), सुश्री अंबिका (प्रिंसिपल-उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रकोंडा) द्वारा संयुक्त रूप से रिबन



काटकर इस अत्याधुनिक क्लास रूम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की सीएसआर टीम, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और छात्र - छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने एएम/एनएस इंडिया की इस नई पहल की सराहना की और इसके माध्यम से छात्रों को होने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला। श्री नटबर गराडा (तहसीलदार- चित्रकोंडा) ने अपने भाषण में कहा - यह पहल छात्रों को उन्नत डिजिटल उपकरणों तक पहुंच प्रदान करके एवं सीखने को बढ़ावा देने के साथ ही आवश्यक कौशल का विकास करेगा। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना है। यह डिजिटल क्लास रूम ना केवल छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें नई तकनीकों एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति से भी अवगत करने में सहायक सिद्ध होगा।

## शोक समाचार



श्रीमती कुसुम देवी पाटोदी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 3.08.2024, शनिवार को

**श्रीमती कुसुम देवी पाटोदी**

(धर्मपत्नि : स्व. श्री विमलचंद जी पाटोदी)

का निधन प्रातः 10 बजे हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 4.08.2024, रविवार को प्रातः 10 बजे उनके निज निवास विमल सदन (झाबक बाड़ा) चुड़ीलाईन, सदर बाजार से मारवाड़ी श्मशान घाट को जायेगी।

शोकाकुल :
राजेन्द्र पाटोदी (देवर), सतीश, शैलेष, अजय (पुत्र)
एवं समस्त पाटोदी परिवार, रायपुर

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छात्राओं के साथ किया भोजन




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आरंग में पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास के लोकार्पण समारोह के अवसर पर छात्रावास में रहकर पड़ने वाली छात्राओं के साथ भोजन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी व्यंजन पीढ़िया, अनरसा, ठेठरी-खुरमी का स्वाद चखा। मुख्यमंत्री के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम व विधायक खुशवंत साहेब, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने भी छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान श्री साय ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में भी पूछा। उन्होंने सभी छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की समझाइश दी। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि छात्राओं की पढ़ाई के लिए सरकार द्वारा हर संभव मदद भी की जाएगी।

## धर्म निरपेक्ष नालंदा विश्वविद्यालय में पूर्ववत जैन दर्शन और प्राकृत भाषा पाठ्यक्रम आरंभ करने की विश्व जैन संगठन की मांग

### प्राचीन नालंदा का जैन ग्रंथों में उल्लेख और नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाते थे जैन ग्रंथ लेकिन अब नही

खुदाइ म प्राप्त हुआ था नालदा विश्वविद्यालय के समय का 4-5वी सदी का प्राचीन जैन मंदिर और 9-10वी सदी की ऋषभदेव भगवान की प्रतिमा और जैन तीर्थंकर प्रतिमाएं विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने कहा कि 19 जून 2024 को भारत के प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विश्वविद्यालय में जैन दर्शन और प्राचीन प्राकृत भाषा पाठ्यक्रम शामिल न किए जाने, नालंदा और राजगीर में जैन धर्म के प्रचलन में होने, भगवान महावीर द्वारा चातुर्मास किए जाने और यहां से खुदाई में प्राप्त प्राचीन जैन मंदिर और प्रतिमाओं का उल्लेख न करने का कारण समझ नहीं आया।



श्री संजय जैन ने बताया कि लोक सभा में 26 अगस्त 2020 को नालंदा विश्वविद्यालय बिल - 2010 पर चर्चा में चित्तौड़गढ़ सांसद डॉ गिरिजा व्यास द्वारा बिहार में 2500 वर्ष पूर्व गुणशिला यूनिवर्सिटी में महिलाओं के लिए जैन दर्शन की शिक्षा और कुंडलपुर में शारीरिक प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी देते हुए जैन नमोकार महामंत्र उल्लेख करते हुए यूनिवर्सिटी में धर्म निरपेक्षता के साथ अन्य धर्मों की शिक्षा के साथ - साथ जैन दर्शन सिद्धांत पढ़ाने की अनुशंसा की थी और सांसद श्री बाल आप्टे व अन्य सांसदों ने भी अनुमोदना की थी लेकिन वर्तमान में यूनिवर्सिटी में मात्र वैदिक और बौद्ध धर्म शिक्षा दिए जाना जैन दर्शन और प्राकृत के साथ भेदभाव है।

संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में नालंदा का जैन ग्रंथों व भगवान महावीर द्वारा नालंदा में 14 चातुर्मास काल व्यतीत करने का उल्लेख करने और प्राचीन विश्वविद्यालय के समय 4-5 वी सदी के प्राचीन जैन मंदिर व इसमें 15वी सदी की भगवान महावीर की प्रतिमा की खोज की थी और नालंदा विहार क्रमांक 1 से ऋषभदेव भगवान की 9 -10 वी सदी की प्राचीन प्रतिमा और नालंदा विहार 9, 10, 11 से जैन तीर्थंकर प्रतिमा प्राप्त होना यहां प्राचीन काल से जैन धर्म प्रचलन में होने के प्रमाण है।

श्री संजय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 30 प्रमुख यूनिवर्सिटी में जैन विद्या और भारत की प्राचीनतम प्राकृत भाषा के पाठ्यक्रम संचालित है।

पुरातत्व विभाग द्वारा भी संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से यूनेस्को को नालंदा से जैन तीर्थंकर प्रतिमाएं प्राप्त होने और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय में जैन शास्त्र पढ़ाए जाने की लिखित जानकारी दी गई है। जवाहर लाल यूनिवर्सिटी द्वारा भी 9 जुलाई 2024 को जैन दर्शन के लिए सेंटर आरंभ करने के प्रस्ताव पारित किया गया है।

श्री संजय जैन ने विश्व जैन संगठन और समस्त जैन समाज की और से केंद्र सरकार, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, बिहार सरकार और नालंदा विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति से नालंदा विश्वविद्यालय में अतिशीघ्र जैन दर्शन, जैन विद्या और प्राकृत भाषा पाठ्यक्रम आरंभ करने की मांग की और इस कार्य में संगठन और अनुभवी जैन विद्वानों द्वारा पूर्ण सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया और प्राचीन नालंदा, तक्षशिला व विक्रमशिला विश्वविद्यालय से भी पूर्व बिहार में भगवान महावीर के जीवनकाल में आज से 2500 वर्ष पूर्व महिलाओं के लिए जैन दर्शन शिक्षा देने हेतु संचालित गुणशिला विश्वविद्यालय और कुंडलपुर में शारीरिक प्रशिक्षण संस्थान की खोज कर पुन: स्थापना की जाएं।

## धर्म की रक्षा के लिए जिन शासन के साथ कनेक्शन होना चाहिए : विजयजी



**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचन माला जारी है। शनिवार को तपस्वी रत्न मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने साधु के पांच कनेक्शनों की श्रृंखला में आगे बताया कि साधु का जिन शासन और आत्मा के साथ कनेक्शन होता है,श्रावक वर्ग में भी विशेषज्ञता तभी आएगी जब संसार को दूसरे नंबर पर और धर्म को प्रथम सोपान में रखेंगे। मुनिश्री ने कहा कि साधु का प्रभु के शासन के साथ कनेक्शन होता है,धर्म की रक्षा के लिएसाधु सदैव तत्पर रहते हैं। मुनिश्री ने कहा कि जब धर्म की बात आती है तो साधु अपने बारे में नहीं सोचता। जिन शासन का इतिहास रहा है सदैव तीर्थ,मंदिरों,जीवों की रक्षा के लिए साधु आगे रहे हैं। आपका जिन शासन के साथ कनेक्शन अच्छा होगा तभी धर्म की रक्षा हो पाएगी। मुनिश्री ने कहा कि तीर्थ से आपका जुड़ाव होना चाहिए। विरान हो चुके मंदिरों,गायब हो रही प्रतिमाओं का संरक्षण करना साधु का धर्म है। विशेषज्ञ वह होता है जो संकट आने पर अपने लिए नहीं सोचता वह शासन की तरफ देखता है। ऐसे ही साधु का आत्मा के साथ कनेक्शन भी होता है, इसलिए आत्मा में जरा भी दोष न लगे कर्म बंधन ना हो उसके बारे में हमेशा चिंतनशील रहता है।

**सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य तय करें :मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी**

ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने आज विशेष प्रवचन में कहा कि लक्ष्य निर्धारित होने से ही सफलता मिलती है। लक्ष्य यदि आपके सामने होगा तो ही आपकी आध्यात्मिक यात्रा सफल होगी। आंख से लक्ष्य ओझल हो जाएगा तो साधना व्यर्थ चली जाएगी।आपको साधना क्यों करनी है इस बात का ज्ञान होना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि सिद्धि तप हमारे लक्ष्य स्वरूप को पहचानने का अवसर है।

## मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को हर्ष ने स्केच भेंट की



**आरंग।** मुख्यमंत्री श्री साय को आज आरंग में आयोजित आश्रम छात्रावास लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नवमी कक्षा के छात्र हर्ष गिलहरे ने आने हाथों से बनाई स्केच पोर्ट्रेट भेंट की। हर्ष की भेंट पाकर मुख्यमंत्री ने उसे खूब आशीष दिया और उसे मन लगाकर पढ़ने की समझाईश दी। मुख्यमंत्री ने हर्ष से कहा कि उसके पास केवल एक पेंसिल से किसी की हू ब हू तस्वीर बनाने ( स्केच) बनाने का अनूठा हुनर है और उसे खूब अभ्यास कर इसको निखारना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने हर्ष को समझाईश दी कि प्रैक्टिस से हुनर परफ़ेक्ट होता है, उसकी बारीकियाँ पता चलती है, इसी लिये लगातार प्रैक्टिस करके वो एक अच्छा स्केचमेकर बन सकता है और देश दुनिया में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन कर सकता है । हर्ष गिलहरे रायपुर के डी डी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 का कक्षा नौंवी का छात्र है ।

## साइकिल की घंटी बजते ही छात्राओं के चेहरे पर आई मुस्कान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आरंग में छात्रावास लोकार्पण के अवसर पर छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय के पहुंचने पर छात्राओं ने सायकिल की घंटी बजाकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया। इस मौके पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम व विधायक श्री खुशवंत साहेब, कमिश्नर श्री महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह भी उपस्थित थे।



सरस्वती सायकिल योजना के तहत साइकिल पाने वाली आरंग की छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्रा विनिता लोधी से पूछा कि बड़े होकर पढ़-लिखकर क्या बनना चाहोगी, छात्रा ने तत्काल कहा कि पुलिस बनकर जनता की सेवा करूंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत बालिकाएं योगिता गडरिया, गायत्री निषाद, स्निग्धा निषाद, विनेश्वरी प्रजापति, निशा पाटले, इशा साहू देवकी साहू समेत कई छात्राओं को साइकिल दिया। छात्राएं बताती है कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक पैदल चलकर स्कूल जाना प ?ता था, लेकिन सायकिल मिलने से अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा। बहुत कम समय में ही स्कूल और स्कूल से घर पहुंच जाएंगे। इस योजना का लाभ पाने वाली छात्राएं कहती है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए काफी अच्छी योजनाएं है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है।

## एस.एम.सी अस्पताल में हुआ रेलवे के मरीज का दुर्लभ ऑपरेशन




**रायपुर ।** एक 68 वर्षीय महिला सांस लेने में तकलीफ के साथ रेलवे अस्पताल रायपुर से एस.एम.सी हार्ट इंस्टीट्यूट एवं आई वी एफ रिसर्च सेंटर रायपुर में आयी, ईको कार्डियोग्राफी करने पर पता चला कि उनके एओर्टिक वाल्व में परेशानी है, एवं उसे जल्द से जल्द ठीक करने की आवश्यकता है। चूँकि मरीज की स्थिति एवं उम्र ऐसी नहीं थी कि उसका ऑपरेशन किया जा सके क्योंकि ऑपरेशन होने पर रक्त स्राव की संभावना या वेंटिलेटर से संबंधित इंफेक्शन होने की संभावना अधिक थी, इसलिए हमारे संस्थान के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी एवं कैथलैब की दक्ष टीम के द्वारा, एक प्रोसीजर ञ्ळ्ङ्ढ (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) किया गया, इसमें पैर की नस के माध्यम से एक लंबा ट्यूब हृदय तक ले जाया जाता है इस नली के साथ एक डिलीवरी सिस्टम आता है जिसके माध्यम से वाल्व को हृदय में लगा दिया जाता है, इस प्रोसीजर में लगभग एक घंटे का समय लगता है इस प्रक्रिया के बाद मरीज को 2 दिन में डिस्चार्ज कर दिया गया अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है एवं रूटीन चेकअप के लिए भी आती है।

एस. एम. सी. हॉस्पिटल के कॉरपोरेट डिप्टी मैनेजर यास्मीन ख़ान ने कहा कि हमारा हॉस्पिटल रेलवे के मरीज़ों एवं उनके परिजनों का हार्ट संबंधित बीमारियों के उच्च स्तरीय इलाज हेतु प्रतिबद्ध है।

## धर्म की रक्षा के लिए जिन शासन के साथ कनेक्शन होना चाहिए : मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी

**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचन माला जारी है। शनिवार को तपस्वी रत्न मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने साधु के पांच कनेक्शनों की श्रृंखला में आगे बताया कि साधु का जिन शासन और आत्मा के साथ कनेक्शन होता है,श्रावक वर्ग में भी विशेषज्ञता तभी आएगी जब संसार को दूसरे नंबर पर और धर्म को प्रथम सोपान में रखेंगे। मुनिश्री ने कहा कि साधु का प्रभु के शासन के साथ कनेक्शन होता है,धर्म की रक्षा के लिएसाधु सदैव तत्पर रहते हैं। मुनिश्री ने कहा कि जब धर्म की बात आती है तो साधु अपने बारे में नहीं सोचता। जिन शासन का इतिहास रहा है सदैव तीर्थ,मंदिरों,जीवों की रक्षा के लिए साधु आगे रहे हैं। आपका जिन शासन के साथ कनेक्शन अच्छा होगा तभी धर्म की रक्षा हो पाएगी। मुनिश्री ने कहा कि तीर्थ से आपका



जुड़ाव होना चाहिए। विरान हो चुके मंदिरों,गायब हो रही प्रतिमाओं का संरक्षण करना साधु का धर्म है। विशेषज्ञ वह होता है जो संकट आने पर अपने लिए नहीं सोचता वह शासन की तरफ देखता है। ऐसे ही साधु का आत्मा के साथ कनेक्शन भी होता है, इसलिए आत्मा में जरा भी दोष न लगे कर्म बंधन ना हो उसके बारे में हमेशा चिंतनशील रहता है।

**सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य तय करें : मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी**

ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने आज विशेष प्रवचन में कहा कि लक्ष्य निर्धारित होने से ही सफलता मिलती है। लक्ष्य यदि आपके सामने होगा तो ही आपकी आध्यात्मिक यात्रा सफल होगी। आंख से लक्ष्य ओझल हो जाएगा तो साधना व्यर्थ चली जाएगी।आपको साधना क्यों करनी है इस बात का ज्ञान होना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि सिद्धि तप हमारे लक्ष्य स्वरूप को पहचानने का अवसर है। अपने आत्म स्वरूप को पहचानने का लक्ष्य सिद्धि तप है। सिद्धि तप अपने आप को लक्ष्यबद्ध बनाने का अवसर है। अपने अंतिम लक्ष्य सिद्धशीला की प्राप्ति होने का मार्ग सिद्धि तप है। सिद्धि तप से सद्गति की प्राप्ति होती है। अंत में जाकर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मुनिश्री ने बताया कि सिद्धि तप आत्मा से अवगुणों को अलग करने का प्रोसेस है। इसकी पहली बारी से ज्ञानावरणीय कर्म, दूसरी बारी के दर्शनावरणीय कर्म,तीसरी बारी से वेदनीय कर्म,चौथी बारी से मोहनीय कर्म, पांचवी बारी से आयुषाय कर्म,छठवीं बारी से नाम कर्म, सातवीं बारी से गोत्र कर्म और आठवीं बारी से अंतराय कर्म का नाश होता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./13517/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 02-08-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13517**
**वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **36** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436H00107** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **AADARSH AGENCY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AADARSH AGENCY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री हीरालाल पटेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री मनीलाल पटेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## शगुन इवेंट ने आयोजित रक्षाबंधन स्पेशल प्रदर्शनी

**रायपुर।** शगुन इवेंट द्वारा आयोजित रक्षाबंधन स्पेशल प्रदर्शनी के अंतर्गत आज मेडिको रक्षक कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम संयोजिका पायल नाचरानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेवा भावी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। लगभग 35 चिकित्सकों का सम्मान हुआ।दोपहर में संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मेले के तीसरे दिन भारी संख्या में उपभोक्ता मेले में उपस्थित हुए ग्राम कुर्मी गुंडरा स्थित नव सृजन खाद्योत्पादक सहकारी समिति , ग्राम हसदा स्थित




समृद्धि टमाटर , फल एवं अन्य सब्जी प्रसंस्करण उत्पादक सहकारी समिति तथा ग्राम फुंडा स्थित शहिद वीर नारायण सिंह तेल प्रसंस्करण एवं पशु आहार सहकारी समिति जिसे उद्योग श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है .

सहकारी समिति के टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी प्रमुख सिद्धार्थ पांडे ने ने बताया कि इस प्रसंस्करण से ग्राम के युवाओं की दक्षता वृद्धि हो रही है, उत्पादन हेतु सावधानियां क्या रखना चाहिए, पेकिंग कैसे की जाए, ब्रांडिंग क्या होती है, और मार्केटिंग कैसे की जाए इन सभी बातों में तैयार किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि कुर्मी गुंडरा , स्थित नव सृजन खाद्योत्पादक सहकारी समिति द्वारा विभिन्न मिलेट के उत्पाद तैयार किए जाते है, वहीं फुंडा स्थित शहिद वीर नारायण सिंह तेल प्रसंस्करण एवं सहकारी समिति में कच्ची घानी से विभिन्न तेलों का निर्माण और विपणन किया जा रहा है .ग्राम हसदा स्थित समृद्धि टमाटर , फल एवं अन्य सब्जी प्रसंस्करण उत्पादक सहकारी समिति में टमाटर के विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाते है . इस अवसर पर उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है . उत्पादों के विक्रय को अप्रत्याशित प्रतिसाद मिल रहा है .

मेले में, मिलेट प्रीमिक्सेस में विशेषकर, चीला प्रीमिक्स, अप्पे प्रीमिक्स, रागी इडली प्रीमिक्स उपलब्ध है।

## जो अपने लिए पसंद करते हो.. वही अपने पड़ोसी के लिए भी पसंद करो..!



हैदराबाद। भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कसित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ कुलचाराम मे विराजमान है प्रवचन मे अन्तर्मना प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा की जो अपने लिए पसंद करते हो..वही अपने पड़ोसी के लिए भी पसंद करो..! यदि आज हम दूसरे के लिए वही चीज पसंद करना शुरू कर दें जो खुद के लिए पसंद करते हैं, तो आज ही हमारे घर, परिवार और समाज से सारे वाद विवाद समाप्त हो जाये। सभी एक दूसरे के लिए हित चिन्तक बन जाये। परन्तु आज सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है। हमने हमेशा अपने लिए और अपने बच्चों के लिए अच्छी चीज पसंद की, लेकिन अपने पड़ोसी के लिए, गलत और विपरीत चीज पसंद की। यदि आप कहीं भोजन परोस रहे हैं, और आपके परोसने की थाली में एकगर्म फूली हुई पुड़ी है, भोजन करने वालों की लाइन में सब आपके अपने रिश्तेदार बैठे हैं, लेकिन उसी लाइन में आपका भाई भी बैठा है, आप वह गर्म पुड़ी किसकी थाली में परोसेंगे.।

**नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद-**

# कलेक्टर ने महतारी वंदन हितग्राहियों को किया पौधे का वितरण

### एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने की अपील की




**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत और वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महतारी वंदन की हितग्राहियों को पौधे का वितरण किया। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे इन पौधों को सुरक्षित जगह पर लगाएं और बड़ा होने तक इसकी देखरेख सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी की जिम्मेदारी है कि आने वाले भविष्य के लिए हम अभी से अपने आसपास कोई न कोई पेड़ जरूर लगाएं। वृक्ष लगाने से हमें शुद्ध वातावरण उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने महतारी वंदन के हितग्राहियों शासन से प्राप्त राशि का सदुपयोग करने की भी अपील की। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा शहरी क्षेत्र के राजेन्द्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान परिसर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से अपने समस्या के निराकरण के लिए आने वाले लोगो को प्राथमिकता से राहत पहुचाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री प्रतिष्ठा ममगाई उपस्थित थीं। शिविर में कलेक्टर, डीएफओ तथा अन्य अधिकारियों ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को एक पेड़ मां के नाम के तहत आंवला, अमरूद, नीम, इमली के पौधे का वितरण किया। इस अवसर पर महतारी वंदन की हितग्राहियों रागनी गुप्ता, सावन, शशि, गायत्री, अनिता राठौर, विमला सिंह, सपना राजपुत, खुशबु चंद्रा, सीमा दुबे, रमेश दास, वेदमति चंद्रा, गीता दुबे, सुमित्रा साहू, विमला, रामकुमारी महंत, पुष्पा चंद्रा, चंद्राबाई यादव,राजवंती, सविता यादव, कल्पना कलिन्दी राठौर, नर्मदा साहू आदि को पौधे का वितरण किया गया।

## नगर निगम कोरबा कर रहा सड़कों से मवेशी हटाने का कार्य

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों से काऊकेचर के माध्यम से मवेशियों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। कार्य के नोडल अधिकारी डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर निगम द्वारा तानसेन चौक से सीतामणी तक एवं विभिन्न उपनगरीय क्षेत्रों से, आंतरिक संपर्क सड़कों में अभियान चलाकर सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उठाया जा रहा है तथा यह अभियान निरंतर चलेगा। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने पशुपालकों, डेयरी संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छंद विचरण हेतु न छोड़े। मवेशियों के सड़कों पर स्वच्छंद विचरण से दुर्घटनाएं घटित होने, आवागमन करने वाले नागरिकों को अनावश्यक असुविधा होने तथा पशुओं के भी चोटिल होने की संभावना बनी रहती है। अत: मवेशियों को अपने घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### सौतेल पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र में अपने सौतेल पिता की हत्या करने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रदीप टोप्पो चैनपुर झारखंड निवासी था जो कि यहां दोकड़ी चौकी क्षेत्र के केनाडांड़ चुनदरहा में एक महिला से विवाह कर रह रहा था। महिला का पहले पति से एक पुत्र महेश राम है। जिसका अक्सर अपने सौतेली पिता प्रदीप से विवाद होता रहता था। प्रदीप अक्सर शराब पीकर अपनी पत्नी व सौतेल पुत्र के साथ विवाद करता था। घटना के दिन 28 जुलाई को भी प्रदीप ने शराब के नशे में अपने सौतेले बेटे-पत्नी से और शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था। जिसे लेकर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद होने पर बेटे ने डंडे से मार कर अपने पिता की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने हत्या कर मामला दर्ज कर आरोपी महेश राम (25) निवासी केनाडांड़ चुनदरहा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### महतारी वंदन के हितग्राहियों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वृक्षा रोपण महा अभियान का विस्तार करते हुए महतारी वंदन योजना अंतर्गत राज्य के समस्त हितग्राहियों द्वारा 01 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 के मध्य पौधा रोपण किया जाएगा। इस अभियान के तहत सूरजपुर परियोजना अंतर्गत महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को 5300 पौधा वितरण किया गया। भूमि अवक्रमण का रोकना, सूखा प्रतिरोध निर्मित करना, मरूथलीकरण रोकने के उद्देश्य से परियोजना स्तरीय वृक्षा रोपण एवं वितरण का कार्यक्रम ऑगनबाड़ी केंन्द्र पर्री बडकापारा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के साथ ''एक पेड मां के नाम'' रोपित किया गया एवं पौधो को संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश कुमार साहू एवं परियोजना अधिकरी श्रीमती वर्षा अग्रवाल के द्वारा भी महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के साथ पेड़ लगाया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही एवं सेक्टर पर्यवेक्षक, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में वृक्षा रोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया ।

### संस्कार स्कूल में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

**रायगढ़,(विश्व परिवार)।** शहर की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में शिक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल उद्देश्यों से अवगत कराते हुए प्रोत्साहित किया गया। स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा सप्ताह आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसका मूल उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई गईं। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिन 22 जुलाई सोमवार को टीएलएम दिवस मनाया गया। इसके तहत शिक्षकों ने स्थानीय सामग्री का उपयोग कर मॉडल के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी गई और इसके उपयोग को लेकर प्रोत्साहित किया गया। दूसरे दिन मंगलवार को एलएलएन दिवस पर बच्चों व उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। तीसरे दिन बुधवार को खेल व फिटनेस का महत्व बताने विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचम दिवस शुक्रवार को कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस मनाया गया। इसके माध्यम से बच्चों में विभिन्न कौशलों को बढ़ावा दिया गया। छठे दिन शनिवार को मिशन लाइफ व इको क्लब दिवस के अवसर पर स्कूल में इको क्लब का गठन किया गया और 'एक पेड़ मां के नाम' से पौधरोपण किया गया।

### पांच लड़कियां आईं गाज की चपेट में

**जशपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के सोगड़ा गांव में खेत में धान की रोपा लगा रही 5 लड़कियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं. इस घटना में सभी पांचों लड़कियां झुलस गईं. घटना के बाद सभी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है.गुरुवार की शाम सोगड़ा गांव में बारिश के बीच 5 लड़कियां खेत में धान की रोपाई कर रही थीं. इस दौरान अचानक आकाशीय गाज गिरी, जिससे सभी लड़कियां झुलस गईं. सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया घायलों की स्थिति सामान्य है.

# बालको वेदांता एल्यूमिनियम ने भारतीय मानक ब्यूरो से प्राप्त किया सातवां प्रमाणन

**बालकोनगर(विश्व परिवार)।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में बनने वाली 12एमएम वायर रॉड अब भारतीय मानक ब्यूरो से प्रमाणित है। इसने 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों के लिए पुन:प्रमाणन भी प्राप्त किया है। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने घोषणा की है कि बालको कोरबा, छत्तीसगढ़ में बनने वाली 12एमएम वायर रॉड को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित किया गया है। इस नई प्रमाणित 12एमएम एल्यूमिनियम वायर रॉड के कई विविध उपयोग हैं। मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल व पावर ट्रांस्मिशन में इसका इस्तेमाल किया जाता है। हल्का एवं टिकाऊ होने के साथ रॉड की विद्युत चालकता बेहतर होती है। वेदांता एल्यूमिनियम भारत एल्यूमिनियम उद्योग की पहली कंपनी है जिसने अपने अनेक एल्यूमिनियम उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन हासिल किए हैं। यह नया प्रमाणन बेमिसाल उत्पाद क्वालिटी एवं एल्यूमिनियम उद्योग में निरंतर नवाचार हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। 12एमएम वायर रॉड के नए बीआईएस प्रमाणन के साथ ही ब्यूरो ने कंपनी की 6 अतिरिक्त उत्पाद श्रेणियों का पुन:प्रमाणन भी किया है। ईसी इनगॉट, अलॉय इनगॉट, प्राइमरी इनगॉट, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट व रोल्ड प्लेट सामान्य इंजीनियरिंग उद्देश्यों के लिए ये सभी कंपनी की बालको इकाई में बनाए जाते हैं। इन प्रमाणनों के साथ वेदांता की बालको यूनिट के पास अब 7 बीआईएस प्रमाणन हो गए हैं जो कुल 17 उत्पादों पर लागू है इससे कंपनी को एल्यूमिनियम बाजार में बहुत फायदा मिलेगा। गुणवत्ता उत्कृष्टता पर वेदांता एल्यूमिनियम के फोकस के बारे में कंपनी के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा कि वेदांता एल्यूमिनियम में हम निरंतर ऐसे उत्कृष्टत एल्यूमिनियम उत्पाद प्रस्तुत करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं जो उच्चतम मापदंडों को पूरा कर सकें। ये बीआईएस प्रमाणन हमारे बेहतर क्वालिटी कंट्रोल और उन्नत उत्पादन तकनीकों को दर्शाते हैं। इन्हीं उत्पादों के बल पर हम विविध उद्योगों एवं वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं दे पाएंगे।

## जशपुर के स्कूली छात्र-छात्राओं को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से दी गई पीरियड संबंधी जानकारी

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के आलावा समाज के अन्य पहलुओं से जोड़ने विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। छात्र-छात्राओं का और ज्ञान वर्धन हो, इसके लिए फिल्म के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में आज जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देशन पर जिला पंचायत स्थित सभागार में जशपुर के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जहां पीरियड संबंधी वीडियो के साथ मोटिवेशनल एवं ज्ञान आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से माहवारी के प्रति बालिकाओं के साथ-साथ बालकों को भी जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम बालक स्कूल एवं एमएलबी गर्ल्स स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान दोनों स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद रहे। यहां आए छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर एवं सीईओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फिल्म प्रदर्शन को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। एमएलबी गर्ल्स स्कूल की छात्रा कु. गीता ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। पीरियड को लेकर जो फिल्म प्रदर्शन किया गया उससे हमें काफी जानकारी मिली है । हम इस विषय पर बहुत कम ही बात करते है। लड़कों को इस पर बहुत कम जानकारियां होती है लेकिन इस फिल्म के माध्यम से उन्हें भी बेहतर जानकारी मिली और उनमें भी इसे लेकर समझ जागृत होगी।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत किया गया पौधा रोपण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार में युवा व इको क्लब के संरक्षक प्राचार्य लखन लाल डहरिया के निर्देशन, नोडल शिक्षक मानसिंह राठिया व्याख्याता के मार्गदर्शन व अध्यक्ष कुमारी ज्योति यादव छात्रा के नेतृत्व में उपस्थित माताओं, क्लब के सदस्यों, शिक्षकों व वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही क्लब के सदस्यों, माताओं व शिक्षकों को रोपे गये पौधों की देखरेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य लखन लाल डहरिया, व्याख्याता मानसिंह राठिया, अमर सिंह प्रेमी, सुभाष चंद्र महतो, गिरधारी लाल यादव, के.बी. निमजा, नेहारानी राठौर, आभा सिंह, मंजुलता सिंह, शिक्षक नलिनीकांत साहू, शिवकुमार पटेल, संजय पाटले, क्लब के सदस्य कुमारी ज्योति, कुमारी छाया, कुमारी अंशु, कुमारी तुलसी, पवन कुमार, दिव्यांश, जगदीश, कुमारी धनेश्वरी, कुमारी परमेश्वरी, कुमारी स्वाति, विष्णु कुमार, कुमारी दुर्गेश्वरी, बुधराज व माताओं में सुकवारो यादव, सुनीता यादव, रांगुराम आदि के साथ उपस्थित गणमान्य नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# कलेक्टर-एसपी ने स्कूलों और छात्रावास का किया निरीक्षण

## बच्चों के लिए बने मध्यान्ह भोजन का चखा स्वाद

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने शासकीय योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन देखने के लिए कोटा ब्लॉक के कई गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने इस दौरान शासकीय योजनाओं का मौके पर क्रियान्वयन देखा। कलेक्टर ने बेलगहना अस्पताल के डॉक्टर स्पर्श गुप्ता के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। डॉक्टर गुप्ता बिना किसी सूचना के विगत एक वर्ष से नदारद हैं। कलेक्टर-एसपी ने आज कोटा ब्लॉक के बेलगहना, कोंचरा, केंदा, आदि गांवों का दौरा कर शासकीय योजनाओं का जायजा लिया। एसडीएम युगल किशोर उर्वशा सहित विभागीय अधिकारी साथ थे। कलेक्टर शरण ने बेलगहना से दौरे की शुरूआत की। उन्होंने बेलगहना पीएचसी का बारीकी से जायजा लिया। पंजीयन एवं औषधि कक्ष, ओपीडी, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड सहित पूरे अस्पताल का मुआयना किया। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों से मलेरिया के हालात की जानकारी ली। मितानिनों से चर्चा कर सर्विलांस कार्य की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मलेरिया के मरीज नहीं मिल रहे हैं तब भी डोर टू डोर सर्वे का काम बंद नहीं होना चाहिए। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने कहा है। बीएमओ को निर्देश दिए कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। एएनसी जांच नियमित रूप से अस्पताल में करवाने कहा। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मितानिनों से भी चर्चा कर उनके काम-काज एवं समस्याओं के बारे में पूछताछ की। मितानिनों से नियमित मानदेय मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। कलेक्टर ने इसके बाद तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। तहसीलदार को नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय में राजस्व अभिलेखों एवं दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन भू-अर्जन के लंबित और निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों को निर्धारित अवधि में निराकृत कर रिकार्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी, सर्विस बुक और रिकार्ड रूम, नकल शाखा, नायब नजीर, राजस्व न्यायालय, रीडर शाखा, कानूनगो शाखा, नजरात शाखा सहित अन्य शाखा के समस्त पंजियों का अवलोकन किया और सभी शाखाओं के पंजियों को अपडेट करने के निर्देश दिए। विभिन्न कार्यो से आए किसानों और पक्षकारों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी।

# उरगा-चाम्पा, उरगा-पत्थलगांव राष्ट्रीय मार्ग के निर्माण में आई गति

### मुआवजा प्राप्त होने के पश्चात् परिसंपत्तियां नहीं हटाने वालों पर की गई कार्यवाही



**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 149 बी चांपा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग चौड़ीकरण कार्य में मुआवजा को लेकर बनी रूकावटों को दूर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश के पश्चात् एसडीएम कोरबा द्वारा इस मार्ग से प्रभावित ऐसे लोग जिन्होंने मुआवजा प्राप्ति के पश्चात् परिसंपत्तियां नहीं हटाई थी, मुआवजे का भुगतान संबंधित के बैंक खाते में करने के पश्चात् लगभग 12 लोगों की संपत्ति हटाई गई। संपत्ति हटाए जाने के पश्चात् नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। इस मार्ग के बनने के पश्चात् कोरबा वासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 149 बी चांपा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग चौड़ीकरण कार्य में तहसील बरपाली एवं तहसील कोरबा अंतर्गत कृषकों के प्रभावित निजी भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों के मुआवजे का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित को बैंक खाता में किया जा चुका है परंतु कुछ प्रभावितों द्वारा अर्जन में प्रभावित परिसंपत्तियों का आधिपत्य अपेक्षक निकाय (एनएचआई) को सौंपा नहीं गया था। जिला प्रशासन द्वारा परियोजना में प्रभावित परिसंपत्तियों को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की कार्यवाही की गई। प्रभावित परिसंपत्तियों में खसरा क्रमांक 527/4 पक्षकार श्री तुलाराम पिता नत्थुराम, खसरा 703/3ख पक्षकार श्री विजय, पिता काशीराम अग्रवाल, खसरा 703/8क पक्षकार श्री उमेश कुमार पिता रामनिवास अग्रवाल, खसरा 769/1 पक्षकार श्री जवाहर साहू/गजाधर साहू खसरा 371 पक्षकार श्रीमती गौरी गीता देवी आदिले, खसरा 358/2 पक्षकार श्री रोशनलाल अग्रवाल, खसरा 487/1 पक्षकार श्री पुरूषोत्तम वगैरह, नंदलाल, खसरा 487/3 पक्षकार श्री पुरूषोत्तम वगैरह, नंदलाल, खसरा 458/1 पक्षकार श्री फिरनलाल देवांगन, खसरा 828/13 पक्षकार श्रीमती रेखा अग्रवाल, खसरा 828/26 पक्षकार श्रीमती बरखा अग्रवाल, खसरा 435/20 पक्षकार श्री जितेन्द्र कुमार जैन शामिल हैं, जिन्हें मुआवजा भुगतान कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम भू-अर्जन अधिकारी के माध्यम से परिसंपत्तियों को हटाए जाने की कार्यवाही संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार कोरबा/बरपाली द्वारा की गई है। परिसंपत्तियां हटाने के पश्चात् उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ परिसंपत्ति का थ्री-डी हो गया है, इस सप्ताह अवार्ड भी हो जाएगा। फिर राशि भुगतान कर शेष परिसंपत्तियों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। आने वाले कुछ महीनों के भीतर यह मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शनिवार 03 अगस्त 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

# सरकार की प्राथमिकताओं पर केंद्रित बजट

## प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा.....

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। 220 लापता हैं तथा 131 घायल हुए हैं। मुंडक्कई, अय्यामाला, चूरलमाला और नूलपुझा गांव में देर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। हजारों लोगों को बमुश्किल निकाला जा सका तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। इस बीच, मौसम विभाग भारी बरसात की चेतावनी अब भी दे रहा है। मल्लपुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में चेतावनी के साथ ही एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर में भी भारी बरसात होने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। वायनाड का मुख्य पुल बह जाने से सैकड़ों फंसे लोगों का बचाव मुश्किल हो गया है। ढेरों घर बह गए हैं। करीब के चाय बागान के 35 कर्मचारियों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि चाय बागानों में कितने मजदूर काम कर रहे थे। पांच साल पहले भी इन्हीं गांवों में भूस्खलन हुआ था, जिसमें 50 से ज्यादा घर बह गए थे। लापता लोगों में से पांच का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसलिए परिवार बेहाल हैं। वे अपनों को ढूंढने और अपने तबाह हो गए घर को देखने की गुहार लगा रहे हैं। मोबाइल टावरों के क्षतिग्रस्त होने से फोन सेवाएं भी बाधित हैं। आपदा प्रबंधन दल के लिए उन इलाकों तक पहुंचने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। वे केबल के सहारे हैं तथा हैलीकॉप्टर से घायलों को लाने-ले जाने का काम कर रहे हैं। वायनाड पठारी इलाका है जिसकी 51त्न भूमि पहाड़ी ढलान वाली है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार केरल का 43त्न इलाका भूस्खलन प्रभावित इलाका है। मानसून के दौरान यहां हमेशा जबरदस्त बरसात होती है। नदियों में बरसाती पानी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश में हजारों लोग मारे जाते हैं, और हजारों लोग बेघर हो जाते हैं। देखने में आया है कि हाल के वर्षो में प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा हुआ है। बेशक, सरकार मदद करती है, मुआवजा भी देती है। मगर इससे पीड़ितों को न तो खास राहत नहीं मिलती है, न ही सबको मिल सकती है। सरकारी महकमे की धांधली से बचाव असंभव है। सेना के तीनों अंग और एनडीआरएफ ऐसे वक्त में आपदाग्रस्त देशवासियों के खासे मददगार साबित होते हैं।

**डा. अश्विनी महाजन**




जब से नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ, तब से लगातार नेपाल सरकार पानी छोड़ देती है, जिससे नेपाल से लगते बिहार के क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ में डूब जाते हैं, जिससे लोगों को बेघर होना पड़ता है, जिसका असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ता है। ऐसे में बाढ़ नियंत्रण के लिए कोसी इंट्रा स्टेट लिंक समेत अन्य परियोजनाओं को लेकर बजट में विशेष प्रावधान करना अभिनंदनीय कदम माना जाना चाहिए, इसे लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम सबको बिहार की इस त्रासदी को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। महिलाओं के रोजगार वृद्धि को लेकर भी प्रावधान किए गए हैं। कुल मिलाकर, यह एक संतुलित बजट है जिसमें मध्यम वर्ग, गरीब, किसान, युवा और महिला, सभी को साधा गया है 23 जुलाई, 2024 को पेश किए गए बजट की खासियत यह है कि यह मोदी सरकार की प्राथमिकताओं पर केंद्रित है। निर्मला सीतारमण ने बहुत स्पष्ट रूप से सरकार की नौ प्राथमिकताएं बताई हैं, जैसे कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन, विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान और विकास और अगली पीढ़ी के सुधार। प्रधानमंत्री मोदी से पूर्व, हम अभी तक केंद्र सरकार के बजट देखते थे, जो लोकलुभावनवाद से प्रेरित थे, क्योंकि वे अगले चुनाव में वोटों पर नजर गड़ाए हुए थे। लेकिन मोदी सरकार पहले भी लोकलुभावनवादी के रूप में देखे जाने से बचती रही है और इसके बजाय विकास और समावेशी नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती रही है। इस तरह, यह बजट भी उसी राह पर है।हम समझते हैं कि रोजगार दो स्त्रोतों से आता है, पहला, नौकरी और दूसरा स्वरोजगार। स्वरोजगार का लाभ यह है कि स्वरोजगार करने वाले लोग नौकरी के सृजनकर्ता भी होते हैं। इस संदर्भ में बजट में दो बड़ी घोषणाएं हैं। एक, बिना गारंटी वाले मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने से संबंधित है। स्टार्टअप को भी एंजल टैक्स के माध्यम से कुछ राहत दी गई है। दूसरी योजना रोजगार के संबंध में है और वह भी संगठित क्षेत्र में, इसके लिए तीन योजनाएं शुरू की गई हैं। एक प्रमुख योजना अप्रेंटिसशिप योजना है, जिसके तहत एक अप्रेंटिस को 5000 रुपए दिए जाएंगे। इस योजना के वित्तपोषण के लिए कॉर्पोरेट सीएसआर फंड का उपयोग कर सकते हैं। यह योजना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे एक तरफबेरोजगारी की समस्या का समाधान होगा तो दूसरी तरफव्यवसायों के लिए कुशल कर्मचारियों की कमी भी दूर होगी। यदि यह योजना सफल होती है, तो इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। छोटे उद्योगों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल सरकार ने केवल बड़े उद्योगों को ही इस योजना में शामिल किया है और इसका कारण यह है कि सीएसआर के माध्यम से जो पैसा आता है, वह इसमें इस्तेमाल हो पाएगा। इसके अलावा कंपनियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से पहली नौकरी का पहला वेतन सरकार द्वारा देने का वादा भी इस बजट में किया गया है। साथ ही नियोक्ता को ईपीएफओ में प्रोविडेंट फंड जमा करने हेतु सहयोग भी दिया जाएगा। बजट के बारे में सामान्य तौर पर माना जाता है कि यह सरकार की नीतियों का आईना होता है। बीते 10 वर्षों में सरकार जिन नीतियों पर चली है, उस कारण अर्थव्यवस्था को गति मिली है। चाहे वह संवृद्धि की बात हो या महंगाई पर रोक लगाने की, सरकार सफल रही है। क्योंकि पिछली सरकार के 10 वर्षों की औसत महंगाई की दर 8.6 थी, जो इस सरकार के समय लगभग छह प्रतिशत है। इन बातों से उत्साहित होकर सरकार ने इस बार के बजट में कई ऐसे प्रावधान किए हैं जो विकसित राष्ट्र बनने की प्रक्रिया के लिए जरूरी हैं। क्योंकि बार-बार कहा गया है कि 2047 तक हमें विकसित राष्ट्र बनना है। विकसित राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में हमें हर चीज का ध्यान रखना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे केवल चार ही जातियां दिखाई देती हैं- युवा, महिला, गरीब और किसान। किसानों की बात करें, तो किसान क्रेडिट कार्ड, सब्जी उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला के लिए एफपीओ का गठन और डेयरी क्षेत्र के लिए प्रोत्साहन समेत तमाम उपाय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में दिखाई देते हैं। जहां तक गरीबों की बात है तो आवास उपलब्ध कराने को लेकर सरकार ने पहले ही घोषणा की थी कि ग्रामीण क्षेत्र में वह तीन करोड़ और शहरी क्षेत्र में एक करोड़ आवास मुहैया कराएगी, यह अच्छा कदम है। आप कल्पना कीजिए की जो कच्चे घर में रह रहा है, यदि उसे पक्का घर मिल जाए तो निश्चित तौर पर उसके जीवन स्तर में बदलाव आएगा। जीवन स्तर में बदलाव से उस व्यक्ति की कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी, जो बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। संभवत: इन्हीं सब कारणों से बीते वर्षों में भारत की बहुआयामी गरीबी में काफी कमी आई है। यूएनडीपी के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया, विशेषकर गरीब देशों की तुलना में बहुआयामी गरीबी को कम करने में हमने अच्छी सफलता प्राप्त की है। राज्यों की बात करें, तो आंध्र प्रदेश और बिहार की मदद को लेकर कदम उठाने की बात भी बजट में कही गई है। आंध्र प्रदेश को 15000 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता की बात की गई है। जब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अलग हुए थे, तो आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम को लागू करने की बात हुई थी। आंध्र के लिए अलग राजधानी बनाने की बात भी तब हुई थी, जिसके लिए केंद्र सरकार की सहायता चाहिए। उसके लिए भी अतिरिक्त राशि देने की बात कही गई है। चंद्रबाबू नायडू की मांग मान ली गई है। बिहार के लिए बजट में 26000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बजट में बिहार के लिए जो खास पेशकश की गई, वह यह कि बोधगया के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की बात की गई है, ताकि अधिक लोग वहां जा सकें। इस तरह बोधगया में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है। दूसरी बात, बिहार को जो पैसा देने की बात कही गई है, वह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिहार इस समय बहुत बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है। यह राज्य प्रति व्यक्ति आय में न केवल नीचे है, बल्कि विकास में भी पिछड़ा हुआ है। इतना ही नहीं, यह लंबे समय से बाढ़ की त्रासदी से गुजर रहा है। जब से नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ, तब से लगातार नेपाल सरकार पानी छोड़ देती है, जिससे नेपाल से लगते बिहार के क्षेत्र हर वर्ष बाढ़ में डूब जाते हैं, जिससे लोगों को बेघर होना पड़ता है, जिसका असर उनकी रोजी-रोटी पर पड़ता है। ऐसे में बाढ़ नियंत्रण के लिए कोसी इंट्रा स्टेट लिंक समेत अन्य परियोजनाओं को लेकर बजट में विशेष प्रावधान करना अभिनंदनीय कदम माना जाना चाहिए, इसे लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम सबको बिहार की इस त्रासदी को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। महिलाओं के रोजगार वृद्धि को लेकर भी प्रावधान किए गए हैं।

## विशेष लेख

# क्या आदित्यनाथ योगी जी ने पासा पलट दिया?

**अजय दीक्षित**

आजकल प्रिंट व दृश्य श्रव्य मीडिया में काफी चर्चा है कि योगी आदित्यनाथ जी के विरुद्ध जो पार्टी में कुछ लोग प्रचार कर रहे थे उसे योगी जी ने दुकानों में नाम लिखने की घोषणा के बाद उनकी स्थिति बहुत मजबूत हो गई है । सावन के महीने पर कावड़ को ले जाने वालों को रास्ते में शुद्ध हिन्दू भोजन व फल आदि मिल सके, इसलिए योगी जी ने आदेश निकला कि रास्ते की हर दुकान अपने मालिक को कर्मचारियों के नाम बाहर बोर्ड लगाकर प्रकट करेंगे । अभी बहुत से मुस्लिमों ने हिन्दू देवी-देवताओं के नाम दुकान, होटल, ढावे का नाम रख लिया है । ठेले वालों को भी अपना नाम बतलाना होगा । हमारे शास्त्रों में ऐसी शुद्धता का कोई उल्लेख नहीं है क्योंकि हमारे शास्त्र हजारों साल पुराने हैं जबकि इस्लाम 2000 साल पुराना ही है । गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि वर्ण मैंने बनाये हैं । कालांतर में ये जाति बन गये और जन्म के आधार पर निर्धारित होने लगे । पहले ये वर्ण कर्म पर आधारित थे । अनेक संत जाति के हिसाब से सबसे नीचे की सीढ़ी के हैं । कबीर जुलाहा थे । रहीम मुसलमान थे । रसखान और जायसी इस्लाम को मानने वाले थे । लोकसभा में भाजपा को कम सीटें मिली और इण्डिया गठबंधन बाजी मार गया । अभी सात राज्यों की 11 सीटों में भाजपा मात्र दो सीटें जीत पाई ? । उसे दो सीटों का नुकसान हुआ । अब उत्तर प्रदेश में उप चुनाव होने वाले हैं । बहुत से विधायक सांसद बन गये हैं । मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य खुलेआम शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं । पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने उन्हें मिलने का समय दिया । राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि यह ठीक नहीं है । क्योंकि वे योगी जी की आज्ञा के बिना केन्द्रीय नेतृत्व से नहीं मिल सकते । केशव प्रसाद मौर्य और एक उप मुख्यमंत्री तथा एक मंत्री योगी जी द्वारा आहूत मंत्रिमंडल की बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं । यह राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि मर्यादा के विरुद्ध है । अब योगी जी अपने आप तो इन तीनों को मंत्रिमंडल से हटा नहीं सकते बिना केन्द्रीय नेतृत्व की स्वीकृति के । केन्द्रीय नेतृत्व का मतलब अब मोदी जी हैं । केशव प्रसाद मौर्य भूल गये कि 2022 के विधानसभा चुनाव में वे अपनी सीट से हार गये थे । वह भी एक महिला से । उत्तर प्रदेश में लोकसभा या उप चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर जो भी चर्चा हो वह मीडिया में नहीं आनी चाहिए । यह पार्टी का आंतरिक मामला है । असल में बेरोजग़ारी, महंगाई और युवाओं की निराशा हार का मुख्य कारण हो । इसका विश्लेषण सी.एस.डी.एस. कर सकती है या कोई समाज शास्त्री या योग्य विद्वान । असल में हाल में योगी जी ने अपने दो फैसले बदल दिये थे । लखनऊ व पंतनगर में अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाने की घोषणा को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया। इसके बाद अध्यापकों की डिजिटल उपस्थिति के नियम को भी दो महीने के लिए स्थगित करना पड़ा । इससे भाजपा के अंदरुनी लोग और अन्य पार्टी के लोग इसे योगी जी की कमजोरी मानने लगे । परन्तु योगी जी उसी दम-खम से काम कर रहे हैं जैसे पहले दुकानों पर नाम लिखने की उनकी घोषणा का कई सदस्यों ने स्वागत किया है । उत्तराखण्ड में यह लागू हो गया है । हरियाणा, राजस्थान,मध्य प्रदेश भी इस नियम कोलागू कर रहे हैं । कर्नाटक में जब भाजपा की सरकार थी तो उसने यह घोषणा की थी कि मंदिरों के बाहर मुसलमान पूजा का सामान नहीं बेचेंगे । बनारस के मंदिरों में भगवान को जो वस्त्र पहनाये जाते हैं वे प्राय: मुसलमान महिलाएं बनाती हैं । प्रभु रामकी मूर्ति स्थापना वाले दिन मुसलमान वादी को भी निमंत्रण भेजा गया था । कावड़ यात्रा के दौरान शुद्धता आवश्यक है । परन्तु भारत ने सेकुलर, सोशलिस्ट, सर्व धर्म समभाव को मंत्र मान लिया है । अत: मुसलमानों द्वारा फल यदि धो लिये जाएं तो वे अशुद्ध नहीं होते । खाने की बात और है । मोदी जी को हस्तक्षेप करके लोगों को आश्वस्त करना चाहिए ।

# जारी एक रिपोर्ट-प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ा

**ललित गर्ग**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी 2060 के दशक में 1 अरब 70 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है, जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं भी गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं।

हमें संसाधनों के विस्तार एवं विकास की योजनाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हर विकास के अपने सकारात्मक और नकारात्मक नतीजे होते हैं। विकास योजनाओं में पर्यावरण का ख्याल रखना जरूरी है। अगर पर्यावरण की परवाह किए बिना विकास किया गया तो मनुष्य के लिए विनाश एवं विध्वंस का कारण बनेगी। वर्तमान में भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ-साथ तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए विकास की नई गाथा लिख रहा है, लेकिन इसी के साथ पर्यावरण की उपेक्षा के कारण अनेक पर्यावरण समस्याएं विनाश एवं विध्वंस का कारण भी बन रही हैं। शहरी विकास की प्रक्रिया ने गांवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास से महानगरों में असुरक्षित परिवेश, बढ़ता प्रदूषण, जल एवं शुद्ध हवा का अभाव ऐसी समस्याएं हैं, जो जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए चुनौती बन रही है। उन्नत विकास के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए, मैट्रो चाहिए और ब्रिज चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं, या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्त्रेत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण है। विकास की ऊंचाइयां छूने के साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की सीढ़ियां लगानी होंगी। अनुमान है कि 2050 के हिसाब से भारत में 70 प्रतिशत इमारतों का निर्माण होना बाकी है, ऐसे में निर्माण उद्योग को पर्यावरण अनुकूल आर्थिक पद्धति से जोड़ना भारत के आवासीय और शहरीकरण रोडमैप के लिए नितांत अपेक्षित है। इसी तरह हर उद्योग के लिए पर्यावरण अनुकूल पद्धति को अपने कारोबार और रणनीति में जोड़ना जरूरी है। भारत जैसे विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के विकास की बहुत गुंजाइश और जरूरत है। अगर यह बुनियादी विकास व्यापक दायरे में और पर्यावरण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए किया जाए तो हम देश में सतत एवं संतुलित विकास की उम्मीद कर सकते हैं। भारत में कई सड़क परियोजनाएं संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर रही हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण सड़क निर्माण में प्राथमिक सामग्री के रूप में स्टील ग्रिट्स का पुन: उपयोग करना है। सड़कों के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना है। भारत जैसे देश, जहां जनसंख्या अधिक और संसाधन सीमित हैं, में नीति-निर्माताओं के लिए पर्यावरण संरक्षणवादी होना महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हमें हर कीमत पर पृथ्वी को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए उपाय करने होंगे। अर्थशास्त्र और मानव जीवन को प्रभावित करने वाले हर पहलू में स्थायी रूप से पर्यावरण मूलक विकास करना होगा। जरूरत है तकनीकी आविष्कार की जो पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था को संभव और सक्षम बना सके। देश में कूड़े को अलग-थलग करने के महत्त्व पर जोर दिया जाए। यह गीले कूड़े की कैलॉरी वैल्यू का पता लगाने और सूखे कूड़े को रिसाइकल करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की ओर से जारी अलग-अलग दूसरे नियम जैसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, ई-वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, मेटल्स रिसाइकलिंग पॉलिसी इत्यादि को राष्ट्रीय पर्यावरण अनुकूल रोडमैप के साथ जरूर जोड़ा जाना चाहिए। पर्यावरण असंतुलित होने का सबसे बड़ा कारण आबादी का बढ़ना है जिससे आवासीय स्थलों को बढ़ाने के लिए वन, जंगल यहां तक कि समुद्र स्थलों को भी छोटा किया जा रहा है। पशुपक्षियों के लिए स्थान नहीं है। इन सब कारणों से प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ गया है और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में विकास की जो प्रक्रिया है वह पर्यावरण विनाश एवं प्रदूषण का कारण है। इसलिए यह सामयिक चुनौती है कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त कैसे रखा जाए ? पर्यावरण-अनुकूल जीवन की ओर बदलाव हमारे ग्रह के भविष्य, मानव-जीवन के अस्तित्व, व्यक्तिगत हित और आर्थिक समृद्धि में निवेश है। इसी तरह हर उद्योग के लिए पर्यावरण अनुकूल पद्धति को अपने कारोबार और रणनीति में जोड़ना जरूरी है। भारत जैसे विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के विकास की बहुत गुंजाइश और जरूरत है। अगर यह बुनियादी विकास व्यापक दायरे में और पर्यावरण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए किया जाए तो हम देश में सतत एवं संतुलित विकास की उम्मीद कर सकते हैं। भारत में कई सड़क परियोजनाएं संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर रही हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण सड़क निर्माण में प्राथमिक सामग्री के रूप में स्टील ग्रिट्स का पुन: उपयोग करना है। सड़कों के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना है। भारत जैसे देश, जहां जनसंख्या अधिक और संसाधन सीमित हैं, में नीति-निर्माताओं के लिए पर्यावरण संरक्षणवादी होना महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हमें हर कीमत पर पृथ्वी को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए उपाय करने होंगे।हम जो भी पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प चुनते हैं, वह स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दुनिया की ओर कदम है। विकास की चढ़ाई पर्यावरण की दृष्टि से नाजुक और खतरों से भरी है। कदम-कदम पर सावधानी एवं जागरूकता चाहिए वरना पलों की खता सदियों की सजा बन जाती है। बेशक, विकास के सपने देखें मगर उनको हकीकत में बदलते हुए हम क्षण-क्षण पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति भी सचेत एवं सावधान रहें।

# सरकारी नीतियों से परिवर्तन की उम्मीदें.....

**कर्म सिंह ठाकुर**



प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य स्कूल शिक्षक पुरस्कार योजना 2024 की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य को पहचानना और सम्मानित करना है। इस योजना के तहत कम से कम 5 साल का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए चुने गए शिक्षकों का विभिन्न मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिसमें पिछले पांच वर्षों में उनके छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन भी शामिल है हिमाचल प्रदेश सरकार तथा शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण तथा समग्र शिक्षा की धरातलीय पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए अनेकों बड़े फैसले ले रहा है। वर्ष 2022 में प्रदेश में सरकार परिवर्तित हुई और व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ वर्तमान सरकार ने कार्य करना शुरू किया। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग सबसे बड़ा महकमा है। यदि प्रदेश की शिक्षा पद्धति मजबूत तथा सुदृढ़ हो जाए तो समाज में अनेकों समस्याएं स्वत: ही समाप्त हो जाएंगी। वर्तमान में शिक्षा प्रणाली में अनेकों विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं। कुछ स्कूलों से बच्चों की संख्या गायब हो गई तो कहीं पर शिक्षकों के अभाव के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण अनेक समस्याएं उजागर होती रहती हैं। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षक सेवाएं देने को तैयार नहीं होते हैं। ऐसे में शिक्षक वर्ष भर अपने पसंद के स्टेशनों के चक्कर में लगे रहते हैं। जिन शिक्षकों की राजनीतिक पहुंच अच्छी होती है, वे कई वर्षों तक इन मनपसंद के स्टेशनों पर तैनाती पाने में सफल रहते हैं। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी प्रभावित होता रहा है। कुछ शिक्षक तो अपना मूल शिक्षक का कार्य छोडक़र कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 25 जुलाई 2022 को कैबिनेट मीटिंग में इन विसंगतियों को दूर करने का एक बेहतरीन निर्णय लिया जिसमें 0 से 5 तक की संख्या से कम स्कूलों को बंद करने का निर्णय तथा वर्ष भर में शैक्षणिक सत्र के उपरांत ही तबादले होंगे। अनावश्यक शिक्षकों का युक्तिकरण किया जाएगा ताकि हर सरकारी स्कूल तक शिक्षकों की पहुंच सुनिश्चित हो सके। प्रदेश के सरकारी स्कूलों से छात्रों की गायब होती संख्या तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के लिए यह निर्णय भविष्य में प्रदेश की शिक्षा पद्धति को सुदृढ़ करेगा। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 20 वर्ष में सरकारी स्कूलों से 5.12 लाख विद्यार्थी कम हुए हैं। इनमें 3.32 लाख विद्यार्थी केवल प्राथमिक स्कूलों में कम हुए हैं, जबकि इसी अवधि के बीच निजी स्कूलों में कई लाख विद्यार्थी बढ़े हैं। 80 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में 50 से कम विद्यार्थी हैं। शिक्षा विभाग ने मंत्रिमंडल की बैठक में बताया कि प्रति छात्र 37 हजार रुपए खर्च किया जा रहा है। इतनी धनराशि खर्च करने के उपरांत भी यदि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में गिरावट दर्ज होती है तो यह चिंतनीय विषय है। प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को निशुल्क में हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा की सुविधा देती है। छात्रों को यदि 5 से 10 किलोमीटर की यात्रा भी करनी पड़े तो कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। स्कूलों की संख्या से ज्यादा स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधारभूत अवसंरचना, आधुनिक आईसीटी उपकरण तथा अनुशासन ज्यादा जरूरी है। यदि सरकारी स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन बढ़ेगी तो छात्रों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। प्रदेशवासियों को निजी स्कूलों की मनमानी तथा भारी भरकम फीस से भी निजात मिलेगी। प्रदेश के स्कूलों में शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करके नौकरी प्राप्त करते हैं। उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। यदि सरकार सही व्यवस्था अपनाए और अपने शिक्षकों को प्रोत्साहित करके उनकी समग्र ऊर्जा शिक्षा के उत्थान पर लगाए तो सरकारी स्कूलों की खोई हुई प्रतिभा पुन: वापस लाई जा सकती है। सरकार ने इस दिशा में दो महत्वपूर्ण कदम भी उठाए हैं। प्रथम, शिक्षकों को विदेशों में एक्सपोजर विजिटर टूअर तथा शिक्षा पुरस्कार नीति में बदलाव करके शिक्षकों के कार्य को प्रोत्साहित तथा अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने का अहम फैसला लिया है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य स्कूल शिक्षक पुरस्कार योजना 2024 की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य को पहचानना और सम्मानित करना है। इस योजना के तहत कम से कम 5 साल का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए चुने गए शिक्षकों का विभिन्न मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिनमें पिछले पांच वर्षों में उनके छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं और शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी शामिल है। इस योजना के तहत कुल 30 शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें से 15 शिक्षक सामान्य क्षेत्रों से, 9 शिक्षक आदिवासी क्षेत्रों से और 6 शिक्षकों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। उम्मीदवारों को पिछले पांच वर्षों में 75 प्रतिशत से अधिक बोर्ड परिणाम प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को पिछले पांच वर्षों में किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यह पुरस्कार एक शिक्षक को अपने पूरे सेवाकाल में केवल एक बार दिया जाएगा। यह योजना प्रदेश के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत साबित होगी और उन्हें बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित करेगी। प्रदेश सरकार के इन नवीनतम आधारभूत निर्णयों से शिक्षण व शिक्षा जगत में नई क्रांति का आगाज होगा तथा सरकारी स्कूलों की शिक्षा पद्धति समाज के हर गरीब बच्चे के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## प्रदेश के छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि होगी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज आरंग में पाँच कन्या छात्रावासों का शुभारंभ किया। पाँचो छात्रावासों के शुरू हो जाने से अनुसूचित जाति की तीन सौ कन्याओं की अपनी पढ़ाई के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। इन छात्रावासों की लागत आठ करोड़ छह लाख रुपये से ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 100 सीटर लागत 174.67 लाख, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मंदिर हसौद, 50 सीटर लागत 174.67 लाख, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम आरंग 50 सीटर लागत 162.76 लाख, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आश्रम 50 सीटर लागत 162.76 लाख, नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास आरंग 50 सीटर लागत 152.97 लाख रूपए का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कन्या छात्रावास परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रामफल के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी हॉस्टल, छात्रावासों में दो हजार सीटों की वृद्धि करने की घोषणा की।

# दीक्षार्थी बहिनों की मांगलिक गोद भराई भी रश्म सम्पन्न हुई

### गुरु के प्रति समर्पण ही सबसे बड़ी साधना : आचार्य श्री विमर्श सागर जी

### अमृत से घट भरना है,अमृत सिद्धि करना है।



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** अपने विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य जीवन है पानी भी बूंद भी पन्तियों से धर्मोपदेश की शुरुवात करते हुये कृष्णानगर जैन मंदिर में प.पू.भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा कि- जिंदगी के घट में अनंत काल से हम सिर्फ मौत का जल भरते आये हैं। जीवन के घट में कभी अमृत भरने का पुरुषार्थ नहीं किया। सांसे आ रही है' सांसे जा रहीं हैं लेकिन हमें सांसों का संगीत सुनाई नहीं देता। श्रद्धा भी गीत जब सुनाई देता है तभी सांसों क्या संगीत अनुभव में आग है। जीवन का बोध उन्हें ही प्राप्त हो सकता है जिन्हे परमात्मा से प्रेम होता है। प्रेम के बिना जीवन भी कल्पना भी संभव नहीं है। प्रेम सभी के जीवन में होता है, बरस प्रेम के मायने सभी के पृथक-पृथक होते हैं। जिन्हें अपने शाश्वत अविनाशी बोध जीवन का बोध होता है उनका प्रम् परमात्मा के प्रति होता है। और जिन्हें जीवन का बोध नहीं जी मृत्यु का ही वरण करने को तत्पर हैं उनका प्रेम जगत के भोतिक प्रदायों के प्रति अपनी भाकांक्षाओं के प्रति होता है। जब अंग्रंग में आकांक्षाये, जागृत होती है तो आत्मा

पातित्मा के दर भीगी भी भओर भागता है। इसकाल में सर्वप्रथम भगवान ऋभ्रभ ने भोगमार्ग से मोक्षमार्ग की ओर जाने की प्ररूपणा की। वे स्वयं प्रथम दिगम्बर मुनि बने और जगत भी बताया कि आत्मकल्याण के लिये भीग संस्कृति का व्याग और योग संस्कृति का आश्रय आवश्यक है।

संयमियों भी गोद भराई ङ्क परम पूज्य जिनागम पंथ प्रवर्तक श्रावलिंगी संत ङ्क श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज के मंगल सानिध्य में अके ही अनुज आचार्य श्री विहर्ष सागर जी मुनिराज भी युगल शिष्यार्य, दीक्षार्थी बा-ब्र: नीतू धीदी एवं बा-ब्र. प्रियंका दीदी भी मांगलिक गोद भराई भी रश्म बड़ी ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुई। गोद भराई पूर्व दोनों दीदीयों ने गुरु भाशीष प्राप्त किया। आचार्य श्री ने उन्हे आशीष दिया कि जीवन में सबसे बड़ी साधना शुरू के प्रति समर्पण का भाव है और शिवय के लिये सर्वोपरि गुरू आता है।

# मनुष्य पर्याय की सही कीमत वसूल लो तो पर्याय छूटने का दुख नही होगा : आर्यिका

**तिजारा ।** अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा में वर्षायोग रत आचार्य वसुनंदी महाराज की सुशिष्या आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी ने बारसाणु वेख्या ग्रन्थ की वाचना करते हुए श्रावकों से कहा कि प्रत्येक वस्तु नाशवान है यदि वस्तु की कीमत वसूल कर ली जाए तो वस्तु के नष्ट होने का दुख नहीं होता है। आर्यिका श्री ने समझाते हुए कहा कि जैसे यदि कोई नई ड्रेस लाया ही हो और पहली बार शादी में पहन कर जाना हो और वह फट जाए, खराब हो जाए, पहनने योग्य न रहे, तब उसके नष्ट होने का दुख बहुत होगा । वही ड्रेस यदि कई प्रोग्राम्स में पहन ली हो, घर में भी निकाल ली हो, खराब सी हो गई हो फिर ?ट जाए तो कोई व्यक्ति को दुख नहीं होता है। कारण उसने उसका मूल्य वसूल कर लिया है। इसी प्रकार यह मनुष्य पर्याय बहुत



बहुमूल्य है मृत्यु सबकी निश्चित है। तब ऐसा क्या करें कि मनुष्य पर्याय छुटने का दुख ना हो हां उसकी कीमत वसूल कर ली जा।

उन्होंने कहा कि मनुष्य पर्याय की सही कीमत है धर्म, संयम, पुण्य संचय करना। संयम पालन करके ही मनुष्य भव को सार्थक किया जा सकता है। माताजी द्वारा प्रतिदिन आर्ट ऑफ थिंकिंग पर भी प्रवचन दिए जा रहे हैं। देहरा समिति के अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि आर्यिका संघ के वर्षायोग से तिजारा में महती धर्म प्रभावना हो रही है।अतिशय क्षेत्र पर पधारने वाले दर्शनार्थियों को भी धर्म लाभ मिल रहा है। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां व प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला जयपुर के अनुसार आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी के निर्देशन में राज्य स्तर पर धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रदेश के तत्वावधान में अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।सभी पोस्टर्स की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

# परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में नांदणी में 4 से 11 अगस्त तक प्राकृत प्रशिक्षण शिवीर

**नांदणी।** परम पूज्य आचाय विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में नांदणी में 4 से 11 अगस्त तक प्राकृत प्रशिक्षण शिवीर संपन्न होगा द्य पूरे चातुर्मास में प्रतिदिन कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा द्य जिससे समाज के युवा, श्रावक - श्राविका धर्म के मार्ग पर अग्रसर होकर, उनके जीवन में परिवर्तन कर अपना जीवन सफल कर सकें।

आचार्य रत्न विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य हँसमुख प्रतिभा के धनी मुनि सुब्रत सागर महाराज आचार्य विशुद्ध सागर मुनीन्द्र के मनीषी शिष्य क्षमा मूर्ति,सेवापुंज,मुनी सुव्रत सागर महाराज हैं । गुरु मुख से झरे मोतियों की वे अपने कर्मठ हाथों से माला बनाते है।

फिर गुरु परिवार की चेतना की मूर्ति को पहनाते है आप स्व के साथ पर के आत्मप्रदेश में ज्ञान के दीप प्रज्जवलित करते है। आप ने अपने गुरु के अनमोल




मोतियों को प्रसाद की तरह वितरित करने का बीड़ा उठाया है जैसा कि आप की रुचि लेखन में है तो आप सब को बता दे कि आचार्य श्री ने अभी तक जितने ग्रंथो को लिखा(लगभग 120 से अधिक), चिंतन किया उन सब के संकलन कर्ता मुनि सुव्रत सागर जी ही है।

**श्रमण मुनि श्री सुव्रत सागर जी के जीवन परिचय :-** पूर्व नाम बा. ब्रा.श्री भारत विजय जैन( भरतेश),पिता श्री - प्रकाश चंद्र जी जैन

माता - श्री मति मुन्नी देवी जैन, जन्म स्थान- आरोन ,जिला गुना

जन्म दिनाक-14 नबम्बर 1977, शिक्षा मुनि दीक्षा -14 अक्टूबर 2009

दीक्षा स्थल - अशोकनगर

दीक्षा गुरु - परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज,

विशेषता हिंदी टिकाकार,

अध्ययन / लेखन में रुचि

उपाधी- साहित्याचार्य, आपके लघु भ्राता भी विश्व वंदनीय आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ में मुनि श्री निस्सीम सागर जी है । शुक्रवार 20 सितंबर 2024 को दोपहर 1 बजे श्री वृषभाचल अतिशय क्षेत्र नांदणी में 2025 साल में होनेवाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव के यजमान पद सवाल का कार्यक्रम होगा।

जिसमें सौधर्म इंद्र - इंद्राणी, तीर्थंकर माता-पिता,ईशान्य इंद्र - इंद्राणी,धनपती कुबेर, सुवर्ण सौभाग्यवती, महायज्ञनायक, द्वादश इंद्र, मंडप उद्घाटन, ध्वजारोहण (मंदिर के सामने ), अखंड दीप प्रज्वलन, मंगल कलश स्थापना, लोकांतिक देव, पंचकुमार देव, ध्वजारोहण (मंडप के सामने), अष्टकुमारिका, प्रथम दिन के हाथी और घोड़े का सवाल आदी विविध सवाल संपन्न होंगे द्य

नांदणी में निर्मित वृषभाचल जैन तीर्थ पर 1 जनवरी से 9 जनवरी तक आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में और स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक महास्वामीजी नांदणी के अधिनेतृत्व में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा और महा मस्तकाभिषेक संपन्न होगा ।

**शब्दांकन - अभिषेक अशोक पाटील, कोल्हापूर**

# सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ में किए अर्घ समर्पित

### जगत कल्याण की कामना के लिए की महाशन्ति धारा

### सिद्धो की आराधना का सौभाग्य बड़े पुण्य से मिलता है-विजय धुर्रा

**अशोक नगर(विश्व परिवार)।** अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ का भव्य आयोजन भारत परिवार के पुण्य जन में भव्य रूप से पूरे भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है जिसमें अंचल के अनेक नगरों से श्रावक श्रेष्ठी परिवार भाग लेकर दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की महा आराधना का आनंद लें रहें हैं आठ दिनो तक चलने वाले इस महा मंडल विधान में आज भक्तों ने मंडल पर अर्घो का समर्पण किया।



**तीर्थ क्षेत्र दर्शनोंदय में भक्ति का अनुपम अवसर वना है :-** इसके पहले तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर के श्रावक श्रेष्ठी भारत परिवार द्वारा आचार्यश्री समयसागर जी महाराज एवं मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिष्ठा चार्य श्री अंकितभइया व सतीश भइया के कुशल नेतृत्व में सिद्धो की महा आराधना रूप श्रीसिद्ध चक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है निश्चित रूप से सिद्धो की महा आराधना का सौभाग्य बड़े पुण्य से मिलता है भारत परिवार ने पहले भी इस तीर्थ भूमि पर महा आराधना का आयोजन किया था और इस वार तो महा महोत्सव में शामिल होने के लिए दूर-दूर से भक्तों को आमंत्रित किया है तीर्थ क्षेत्र पर भगवान की भक्ति करने का अनुपम अवसर हम सब के लिए मिला है इसे संगीत की स्वर लहरियां देने अंकित भाई विशेष रूप से उपस्थित हैं हम सभी का दर्शनोदय कमेटी की ओर से अभिनंदन करते हैं।

**विश्व शांति के लिए महा महोत्सव की शान्ति धारा :-** इस दौरान कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि अंकित भइया महा आराधना के दौरान कुछ ना कुछ हटकर कराते हैं पूर्व में भी आपने जो मार्ग दर्शन दिया उससे कमेटी अभिभूत हैं आगे भीहम आपका कुशल मार्गदर्शन चाहेंगे जिससे कि विश्व शांति महायज्ञ करने वाले भक्तों को और अधिक सुविधाएं दे सकें श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ में आज प्रतिष्ठाचार्यश्रीअंकित भइया दारा जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा कराई गई जिसका सौभाग्य विधान पुण्यजर्कपरिवार शालूभारत संजय कुमार रिषभ कुमार राजधानीपरिवार सागर प्रमोद कुमार अंकुरजैन गंजबासौदा हुकमचंद सुनीलकुमारअप्सरा परिवार ललितपुर जिनेन्द्र कुमार विपुल कुमार बुढार शाहडौल सनत कुमार ललित कुमार ललितपुर अनिल कुमार अरविंद कुमार कटनी प्रदीप कुमार रानी पिपरई शैलेन्द्र दददा पारस गोल्डन नगर की लाइफ लाइन डा डी के जैन विनोद कुमार राजू मेडिकल हरीश जैन सहित अन्य भक्तों को मिला इसके साथ ही एक सौ आठ रिद्धि मंत्रों से अभिषेक किया गया।

अतिथियों का कमेटी द्वारा किया गया सम्मान सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ में भाग लेने वाले सभी भक्तों का कमेटी की ओर से दर्शनोदय थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का चित्र तिलक माला से कमेटी महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री प्रदीप जैन रानी शिरोमणि संरक्षण विनोद राजू मेडिकल शैलेन्द्र दददा मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा दारा सम्मान किया गया इस दौरान जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार कार्य अध्यक्ष विनय कुमार एडवोकेट आनंद गांधी मनोज कासल कवूल चन्द्र जैन गुना विशेष रूप से उपस्थित थे।

# निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र का जैन समाज ने किया अभिनन्दन




**जयपुर।** राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र के जयपुर की 101 सामाजिक, नागरिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं की ओर से संस्कृति युवा संस्था और जयपुर नागरिक अभिनन्दन समारोह समिति के बैनर तले जे एल एन मार्ग स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से भी श्री मिश्र का नागरिक अभिनन्दन किया गया।

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जिला महामंत्री सुभाष बज, सांगानेर सम्भाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने माल्यार्पण, दुपट्टा एवं शाल ओढ़ाकर तथा भगवान महावीर की फोटो भेट कर श्री मिश्र का अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही श्री दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की ओर से डॉ. निर्मल सोगानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्री मिश्र का अभिनन्दन किया। आयोजन में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, समाजसेवी शरद खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

# सीएसपीडीसीएल के एमडी ने की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं ऊर्जा सचिव पी .दयानन्द के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने क्षेत्रीय अधिकारीगण की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली और अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। श्री भीमसिंह ने आज कार्यपालक निदेशकों, मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियन्ताओं से चर्चा कर उनके क्षेत्र में विद्युत प्रदाय की स्थिति की समीक्षा की । उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुये मैदानी अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता रखनी चाहिये । सभी को मुख्यालय में रहने के निर्देश का कड़ाई से पालन करना चाहिए और तात्कालिक समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से करना चाहिये । बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी । श्री भीम सिंह ने निर्देश दिये हैं मरम्मत कार्य में संसाधनों की कमी नहीं रहनी चाहिये ।विगत दो हफ्तों से अवकाश दिवसों पर क्षेत्रीय भंडार खुले रखने का उपाय सफल हुआ है अत- मौसम को देखते हुये इसके लिये आगे भी तैयार रहना चाहिये । फेल ट्रांसफार्मरों को जल्दी से जल्दी बदला जाए। मैदानी स्तर पर संसाधनों की कमी हो तो तत्काल क्षेत्रीय वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जाये । इसके बावजूद कोई समस्या हो तो मुख्यालय स्तर पर समाधान किया जायेगा । श्री भीमसिंह ने कहा कि उपभोक्ता सेवा हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है , इस विषय पर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी ।श्री भीमसिंह ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पर ऊर्जा सचिव स्तर पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है अत- सभी

## हरेली तिहार मनाने सज गया मुख्यमंत्री निवास

**रायपुर।** हरेली तिहार की तैयारियों के लिए सजा मुख्यमंत्री निवास एक छोटे से गांव के रूप में नजर आ रहा है जहां हर तरफ हरेली की धूम है। मुख्यमंत्री निवास एक ग्रामीण मड़ई मेला की तरह सुंदर साजसज्जा में नजर आ रहा है। रहचुली झूला, गेड़ी और सुंदर बैलगाड़ियों से पूरा परिसर हरेली की रौनक से दमक रहा है। कल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हरेली के अवसर पर परंपरागत तरीके से पूजा करेंगे। हरेली के मौके पर पशुधन की पूजा की जाती है। खेती किसानी की शुरूआत में मनाया जाने वाला यह पर्व धरती के प्रति हमारी कृतज्ञता को व्यक्त करता है और इस भावना के अनुरूप मुख्यमंत्री पूजा के पश्चात किसान भाइयों को आधुनिक कृषि उपकरणों का वितरण भी करेंगे। समय बदलता है लेकिन छत्तीसगढ़ अपनी परंपराएं नहीं छोड़ता। हवाई झूलों के दौर में भी रहचुली झूला की परंपरा छत्तीसगढ़ के लोग याद रखते हैं जो उन्हें अपने ग्रामीण अंचल और पुरखों से जोड़ती है। हरेली के पावन अवसर पर रहचुली झूले पर चढ़ते हैं और याद करते हैं कि मनोरंजन के माध्यम बदले हैं ।

# आचार्य श्री को श्रीफल भेंट



**खुजराहो ।** विश्व घरोहर में शामिल,मप्र के खुजराहो में चातुर्मास निमित्त विराजे आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज(ससंघ) को श्रीफल अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त करने श्री पिसनहारी म?िया तीर्थ के नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं ट्रस्टी गण पहुचें।

अध्यक्ष राजेंद्र मम्मा एवं पदाधिकारी गणों ने आशीर्वाद लेते हुए चातुर्मास पश्चात म?िया तीर्थ में शीतकालीन बांचना करने का अनुरोध किया।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं गयानगर नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
फोन : 9827143060/8871003060

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

## दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट **''दैनिक विश्व परिवार''** से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

**''दैनिक विश्व परिवार''** दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को **''दैनिक विश्व परिवार''** के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

**सम्पर्क : 99810-93065, 62662-63552**

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Short Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works :
**NIT No: 22/AMC-DG&SP/MB&IB/EEE/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Dated: 01.08.2024**
**Name of Work :** "Annual Maintenance Contract (AMC) and Operation of D.G. Sets and Synchronizing Panels at Buildings of Capitol Complex, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (3rd Call)

| Period of completion including rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 12 Months | 52.78 Lakhs | 1,05,566.00 |

**Last Time & Date of Online Submission:** **15:00hrs on 22.08.2024**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

**S - 41042/3**

**Chief Engineer**
**NRANVP**

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तर से रायपुर चलने वाली बसों का संचालन रायपुर रेलवे तक हो - अध्यक्ष

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** दक्षिण बस्तर, एवम बस्तर जिले से रायपुर तक सफर का एकमात्र साधन बस है ।बस्तर जिले में निवासरत परिवार को यदि रायपुर से ट्रेन के माध्यम से अन्यत्र यात्रा करनी हो तो ऐसे में समस्त बस्तर के यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्री रायपुर में पचपेड़ी में उतरते हैं या नया बस स्टैंड उतरकर इन्हें रेलवे तक ऑटो टैक्सी के माध्यम से जाना पड़ता है ऐसे में यदि बस सुबह 2 बजे से 4 बजे रायपुर पहुंचती है और 6:00 बजे की ट्रेन है तब यात्रियों को और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बस्तर के यात्रियों की परेशानी को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बस्तर के यात्रियों के हितों को ध्यान में रखने हेतु ज्ञापन सौंपा। गुप्ता ने मांग की है कि, बस्तर ही नहीं बस्तर के समस्त क्षेत्र कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर से चलने वाली समस्त बसे, रायपुर में जिन बसों के पहुंचने का समय रात्रि 9 बजे के बाद और सुबह 8 बजे के पहले है ऐसी समस्त बसो का संचालन रेलवे तक हो। यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए रात्रि 9 बजे के बाद नो एंट्री का समय होता है। ऐसे में इस दौरान बस्तर संभाग से आने वाली समस्त बसों का संचालन रेलवे तक करने की मांग पत्र सौंपा। इस दौरान संजय पांडे, योगेश शुक्ला, योगेश ठाकुर, संतोष बाजपेई, सूर्य भूषण सिंह, गजेंद्र पगारे, प्रेम सेठिया, उपस्थित रहे

### मारजुम ग्राम के समूह की दीदियों को दिया गया केला उत्पादन का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** समूह की दीदियों के लिए रोजगार के विभिन्न अवसर मुहैया कराने के क्रम में जिले के सभी जनपद पंचायत का प्रयास जारी है। देखा जाए तो जिले के कई ऐसे क्षेत्र है जहां की ''आबो हवा'' फल विशेष के लिए बेहद अनुकुल है इस क्रम में विकासखंड कटेकल्याण के अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र मारजुम की कृषि भूमि केले फल उत्पादन के लिए उपयुक्त सिद्ध हुई है यहा के लगभग हर घर की बाड़ियों में केलों के घने झूरमुट प्राय: ही देखने को मिलते है। आम तौर पर स्थानीय ग्रामीण इन बहुतायत से प्राप्त केलों को स्थानीय हाटों में विक्रय करते आये है। जिससे उन्हें कामचलाउ आमदनी हो जाया करती है परन्तु इसे व्यापक व्यावसायिक दृष्टिकोण से देखते हुये जिला प्रशासन ने केला उत्पादन को महिला आजीविका से जोड़ने का मन बना लिया है। इसके लिए विकासखण्ड अन्तर्गत समूह की 27 दीदियों को उद्यानिकी विभाग द्वारा केले की बेहतर पर गुणवत्ता पूर्ण खेती, उत्पादन में वृद्धि पर प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही मार्केटिंग के लिए उन्हें केले के कैरेट बॉक्स भी प्रदाय किया गया है। समूह की दीदियों ने यह भी जानकारी दी कि उनके समूह द्वारा इसके अलावा मछली पालन, बांस की टोकरी एवं तीखुर निर्माण जैसे विविध आजीविका गतिविधियों कर वर्तमान में स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है और उन सभी के जीवन स्तर में एक सुखद परिवर्तन आया है। साथ ही घर परिवार और समाज में उनका सम्मान बढ़ा है।

### धमतरी जिले को शत प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए चल रही मुहिम

**धमतरी(विश्व परिवार)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण धमतरी द्वारा जिले चारों विकासखंड धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में असाक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गाँधी ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के दो लाख असाक्षरों को साक्षर किया जायेगा। इसके तहत 15 वर्ष से अधिक असाक्षर को सम्मानजनक जीवन जीने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के साथ- साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल जिसके अंतर्गत डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, मतदान एवं पर्यावरण आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी, उनमें व्यावसायिक कौशल का विकास, बुनियादी शिक्षा देने के साथ-साथ सतत शिक्षा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि अपने आसपास के असाक्षरों की पहचान की जाए और साक्षरता विभाग को अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें भी सर्वे सूची में शामिल कर साक्षर बनाने का काम किया जा सके। साथ ही सभी स्कूल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, विहान योजना, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सभी वर्ग के लोगों को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है और यह निरंतर प्रयास रहेगा कि देश का जन-जन साक्षर बने। इसके साथ ही जिला स्तर के सभी अधिकारी इस अभियान में स्वयंसेवी की भूमिका में रहेंगे तथा जहां भी असाक्षर मिले उनका नाम दर्ज कराएंगे और उन्हें साक्षर बनाएंगे।

# एक्सीडेंट की वजह से चलने में असमर्थ रिटायर्ड कर्मचारी को घर पहुंचकर कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

**सेवानिवृत्त हुए 21 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने जुलाई माह में सेवानिवृत हुई श्रीमती देवली ठाकुर के घर पहुंच कर उनको साल श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए उनका पीपीओ प्रदान किया। सेवानिवृत श्रीमती ठाकुर कमला नेहरू अनुसूचित जनजाति छात्रावास में भृत्य पद पर थी। जिनका 5 माह पूर्व हुए एक्सीडेंट में कमर और जांघ में रॉड लगने की वजह चलने में असमर्थ होने की स्थिति में पेंशन प्राधिकार पत्र लेने जिला कार्यालय नहीं पहुंची थी। कलेक्टर को इसकी जानकारी मिलने पर स्वयं उनके घर पहुंचकर पीपीओ दिया। इससे पूर्व कलेक्टर ने जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास विगत 13 महीने से किया जा रहा है। इसके लिए कोषालय और कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। साथ ही दोनों कार्यालय द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों का पीपीओ जारी करने की दिशा में उत्साह और सक्षमता के साथ पहल किया जा रहा है। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवक नौकरी के दौरान स्वयं के लिए, परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे, वे सेवानिवृत्त होने के पश्चात भी सक्रिय रहकर स्वयं एवं परिवार और समाज को समय देवें। कलेक्टर ने कहा कि पदीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को सम्मान देने का यह अवसर गौरवान्वित होने का पल है बुजुर्ग साथी हमें आशीर्वाद दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष, लेखा पेंशन कार्यालय के द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में माह जुलाई में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि जुलाई माह में सेवानिवृत्त 31 शासकीय सेवकों में से 21 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष का आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी कर दिया जाएगा।

## कलेक्टर हरिस.एस ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया अवलोकन

**कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला सह कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हरिस.एस ने जिले में चयनित 55 किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा संचालित आदिवासी उप योजना बटेर पालन एवं सामुदायिक खेती टीएसपी (ईपी और एचएस) एवं आईआईपीआर - टीएसपी (एसटीसी) परियोजना के अंतर्गत बटेर पालन हेतु बटेर तथा मशीन, सुरक्षित भंडारण हेतु भंडारण पेटी, कृषि उपकरण, स्प्रेयर, सब्जियों के बीजों की किट तथा सब्जी नर्सरी का वितरण एवं कृषि विभाग द्वारा उड़द की मिनीकिट का वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि कृषि कि नवीन जानकारी के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या मे कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़ कर नवीन तकनीकी का लाभ लेकर अपनी खेती में तकनीकी परिवर्तन करके रोजगार के साथ साथ फसल उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को ज्यादा से ज्यादा किसानों के खेत में जाकर तकनीकी प्रदर्शन, मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षित करने के लिए निर्देशित किए। कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र के भ्रमण कर, खरीफ फसलों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा आगामी रबी फसल योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में नारियल के पौधे का वृक्षारोपण कार्य किया। उन्होंने जिलेवासियों से अभियान के तहत् अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। इसके साथ-साथ समूह अग्रिम पंक्ति तिलहन प्रदर्शन के अंतर्गत तिल फसल के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला सह कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत तिल फसल की आधुनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई विदित हो कि इस वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा 50 हेक्टर क्षेत्रफल में तिल का प्रदर्शन लगाया जाएगा। कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रति माह होने वाली मासिक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर आगामी माह हेतु चर्चा की और सभी ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। सहायक मत्स्य अधिकारी श्री ओपी मंडावी, सहायक पशु शल्यज्ञ अधिकारी डॉ. उमेश बघेल, कृषि विभाग डॉ. जीतेश बघेल एवं श्री भीम कुमार जायसवाल सहायक संचालक कृषि साथ साथ सभी विभागों से मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने अपने अपने विषय से संबंधित माह अगस्त की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। साथ ही अधिकारियों एवं कृषि मित्रों को विस्तार से बताया, कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच. एस. तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद साहू, कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार, चिराग परियोजना के एस. आर. एफ श्री यमलेश्वर भोयर एवं श्री इंद्रपाल साहू, आकांक्षा भदौरिया, ज्योतिष कुमार पोटला, रंजना, जुनकी नाग, अर्जुन, बुधराम, सुखमन, नंदा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## मुख्यालय की 2 दिव्यांग महिलाओं को दिया गया सिलाई मशीन

**महिलाओं ने प्रशासन का जताया आभार कहा जीविकोपार्जन में नहीं होगी परेशानी**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिले के जरूरतमंद दिव्यांग या निर्धन महिलाओं को अपने पैरों में खड़ा कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। इस कड़ी में जिले की 2 दिव्यांग महिलाओं ने विगत दिवस अपनी इसी समस्या पर प्रशासन के समक्ष गुहार लगाया था । जिसे कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण को निर्देशित किया था। तत्संबंध में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग महिला श्रीमती पुष्पा सोनी, वार्ड क्रमांक 4, महावीर नगर गीदम एवं श्रीमती रीता सरकार, वार्ड क्रमांक 10, पुराना मार्केट बचेली को जीविकोपार्जन हेतु एक-एक नग सिलाई मशीन प्रदान किया गया। इस दौरान दोनों महिलाओं ने भावुकतापूर्ण जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल पर साधुवाद दिया। आँखों में खुशी के भाव लेकर उनका कहना था कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उनके इस मांग का शीघ्र समाधान हो पायेगा और वे तहे दिल से आभार व्यक्त करती है कि उनके गुजर बसर में कोई कठिनाई नहीं होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो, लिपिक सन्ना राम कुंजाम, मनोज मिश्रा उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में बलरामपुर रामानुजगंज जिले के प्रमुख आस्था के केंद्रों में एक मां महामाया मंदिर पंचमुखी हनुमान जी के स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान मंदिर में कराए गए सुंदरकांड कांड का पाठ जहां किया गया वहीं भंडारे का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि मां महामाया मंदिर के पुजारी रहे स्वर्गीय केदारनाथ पांडे के स्मृति में उनके स्वजनों के द्वारा मां महामाया मंदिर परिसर में सन 2014 में पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। जिसके बाद से ही प्रत्येक वर्ष 2 अगस्त को स्थापना दिवस विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर मनाया जाता है आयोजन को लेकर कई दिन पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। मां महामाया मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर विविध अनुष्ठान किए गए वहीं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विकास दुबे, अमित गुप्ता,क्रिसना गुप्ता, सुनील गुप्ता, रितेश गुप्ता, प्रमोद केसरी,धन्नजय गुप्ता सहित अन्य लोग सक्रिय रहे। पंचमुखी अवतार का महत्व......... माना जाता है वानर मुख दुश्मनों पर विजय प्रदान करता है। गरुड़ मुख हनुमान जी का पश्चिम दिशा वाला गरुड़ मुख कहलाता है। मान्यताओं के अनुसार यह मुख जीवन की रूकावटो और परेशानियों को खत्म करने का काम करता है।

## यातायात जागरूकता अभियान के तहत शासकीय स्कूल भोथली में लगाई गई यातायात पाठशाला

**धमतरी(विश्व परिवार)।** पुलिस यातायात द्वारा लगातार आम जनता एवं ड्राइवर सहित स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जा रहा है जागरूक धमतरी पुलिस से डीएसपी. ट्रैफिक श्री मणिशंकर चन्द्रा एवं ट्रैफिक स्टॉफ द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शास0 उच्च माध्य0 विद्या0 भोथली पहुंचकर यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित 130 छात्र-छात्राओं को मार्ग में लगे सूचनात्मक, संकेतात्मक चिन्हों से अवगत कराकर विस्तृत जानकारी दी गई। सायकल या पैदल स्कूल आने के दौरान झुंड में नही चलने, एक-एक कर आगे पीछे चलने, हमेशा बांये चलने, सायकल से रेसिंग नही करने, यातायात नियमों का पालन करने, रोड कास करने से पहले दांये-बांये देखकर सुरक्षा के प्रति पूर्ण आश्वस्त होकर ही रोड कास करने बताया गया। चौक चौराहों में लगे यातायात सिग्नलों की जानकारी देकर बताया कि लाल बत्ती जलने पर स्टाप लाईन के पीछे रूक जाये, हरी बत्ती जलने पर यदि रास्ता साफ हो तो आगे बढ़ने, पीली बत्ती जलने पर यदि आप स्टाप लाईन के पीछे है, तो स्टाप लाईन में ही रूके, स्टाप लाईन पार कर चुके है, तो तत्काल आगे बढ़े बताया गया। यातायात नियमों की जानकारी देकर बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने, दोपहिया में तीन सवारी वाहन नही चलाने, हेलमेट एवं सीटबेल्ट के उपयोगिता को बताते दोपहिया, चारपहिया वाहन में सफर के दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, मोबाईल फोन, हेडफोन का उपयोग करते वाहन नही चलाने, तेजगति वाहन नही चलाने, असावधानीपूर्वक ओवरटेकिंग नही करने बताकर इन यातायात नियमों को स्वयं पालन करने एवं अपने परिजन, रिश्तेदारों, पड़ौसियों तक प्रचारित कर पालन कराने बताया गया। छात्र-छात्राओं को दृष्टांत के माध्यम से लक्ष्य बनाकर लक्ष्य अनुरूप अनुशासित रहकर सफलता प्राप्त करने अभिप्रेरित कर यातायात नियमावली पाम्पलेट वितरण किया गया।

# कलेक्टर ने की फरसगांव विख के जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में गुरुवार को फरसगांव विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा विद्युत विभाग के मैदानी अधिकारियों के साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिवों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने कार्यवार समीक्षा की और कार्य में अत्यंत लापरवाही बरत रहे ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने डिमांड नोट का भुगतान होने के बावजूद विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने में हो रही लापरवाही पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी भी जताई और कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पतोड़ा के नयापारा में, आलोर के शेष 60-70 घरों में, बाड़ागांव के नयापारा में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मोहलई में भोंगापाल, चिचाड़ी, मोदे बेड़मा, सिंगारपुरी, गट्टीपलना, में नलकूप खनन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पांडे आठगांव में तीन दिन के भीतर एवं जुगानीकलार में 15 अगस्त तक जलापूर्ति प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोटपाड़ कोंडापखना, तोयापाल, कोनगुड़, कन्हारगांव, आमगांव, लंजोड़ा, जामगांव, फुटान चांदागांव, परोदा, गवाड़ी, बड़गई, कुम्हाड़ बड़गांव, मेहपाल, कोकड़ा जुगानार, कोसागांव एवं आलमेर में हुए कार्य में विलंब पर ठेकेदारों के विरुद्ध 6 प्रतिशत अधिभार सहित कार्य निरस्त करते हुए नई निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चुरेगांव, कोरई, कुलानार, फुंडेर, बोकराबेड़ा और तुर्की में कार्य में विलंब के लिए ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही कुछ ग्रामों में जलस्त्रोत को लेकर विवाद की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता अनुसार नया नलकूप खनन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीणों को घर में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही जल संरक्षण भी आवश्यक है तथा इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जाएगा।

## चलती ट्रेन के सामने कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में चलती पैसेंजर ट्रेन के सामने एक महिला ने कूदकर आत्महत्या कर ली है। जिससे ट्रेन में दबकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, अंतागढ़ से भानुप्रतापपुर आ रही पैसेंजर ट्रेन कन्हारगांव सब स्टेशन पर दोपहर करीब 3 बजे पहुंची थी। इसी दौरान अज्ञात महिला ट्रेन के सामने रेलवे ट्रैक पर कूद गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर महिला की शिनाख्ती में जुट गई है। भानुप्रतापपुर एडिशनल एसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि, अंतागढ़ से भानुप्रतापपुर जा रही ट्रेन के चालक ने सूचना दी थी कि एक महिला ट्रेन के सामने कूद गई। जिससे उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद भानुप्रतापपुर पुलिस की टीम पहुंचकर अज्ञात महिला की पहचान कार्रवाई कर रही है। यह महिला कौन है, जिसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है। महिला की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की गई है। जिससे महिला की पहचान की जा सके। फिलहाल मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## व्यापार समाचार

## दमदार नतीजों के बाद फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो का शेयर 12 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई( एजेंसी )।** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर में शुक्रवार को करीब 12 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। शेयर में तेजी की वजह कंपनी की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दमदार नतीजे पेश करना था। दोपहर 12 बजे जोमैटो का शेयर 12.32 प्रतिशत बढ़कर 262 रुपये पर था। अब तक के कारोबारी सत्र में जोमैटो के शेयर 278 रुपये का उच्चतम स्तर और 243 रुपये का न्यूनतम स्तर को छुआ है। पिछले कुछ समय में जोमैटो के शेयर में काफी तेजी देखने को मिली है। बीते एक वर्ष में फूड डिलीवरी कंपनी के शेयर ने 206 प्रतिशत, इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 109 प्रतिशत, बीते छह महीने में 81 प्रतिशत और पिछले एक महीने में करीब 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जोमैटो द्वारा गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। कंपनी का मुनाफा 126.5 गुना बढ़कर 253 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान तिमाही में 2 करोड़ रुपये पर था। इस दौरान कंपनी की आय 2,416 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,206 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी की आय में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखने को मिला है। बता दें, कंपनी के इतिहास में यह पांचवी तिमाही है, जब कंपनी ने मुनाफा दर्ज किया है। जोमैटो की आय में बढ़त की वजह कंपनी का कोर बिजनेस बढ़ना और सहयोगी क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की तेज ग्रोथ होना है। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून के बीच जोमैटो की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) 27 प्रतिशत बढ़कर 9,264 करोड़ रुपये हो गई है, वहीं क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की जीओवी जून तिमाही में बढ़ कर 4,923 करोड़ रुपये हो गई है। सालाना आधार पर इसमें 130 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

## शेयर मार्केट में आया भूचाल, सेंसेक्स निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट

**मुंबई( एजेंसी )।** इंटरनेशनल मार्केट के ट्रेंड्स के मुताबिक शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त गिरावट के साथ खुले हैं। ऐसा तब हुआ है जब एक दिन पहले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज बढ़ाने के संकेतों से गदगद इंडियन स्टॉक मार्केट्स ने ऑल-टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया था। नेशनल कमोडिटी एक्सचेंज का निफ्टी तो गुरुवार को 25,000 पॉइंट के ऐतिहासिक मार्क को क्रॉस कर गया था। वहीं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के शेयर इंडेक्स सेंसेक्स ने भी 82,129.49 अंक का रिकॉर्ड बनाया था। शुक्रवार को मार्केट इंटरनेशनल ट्रेंड के मुताबिक निगेटिव जोन में खुले। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 708 अंक गिरकर 81,158.99 अंक पर खुला जबकि एनएसई निफ्टी 221 अंक फिसलकर 24,789 अंक पर खुला। हालांकि ये गिरावट आगे भी जारी रही और निफ्टी ने सुबह के कारोबार में 24,723.70 पॉइंटर तक का निचला स्तर छुआ। जबकि सेंसेक्स 80,995.70 अंक के निचले स्तर तक गया। शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन में जबरदस्त गिरावट आई है। बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का टोटल एमकैप 4.26 लाख करोड़ रुपए घट गया है। ये 457.36 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। अगर मार्केट को देखें तो शुक्रवार को बैंक निफ्टी इंडेक्स भी जबरदस्त टूटा है। 10 बजे तक के सेशन में ये 312 अंक तक टूट गया और 51,250 पॉइंट के आसपास ट्रेड कर रहा है। वहीं बिग लूजर्स की बात करें तो मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आयशर मोटर्स जैसी कंपनियों के शेयर शामिल हैं। वहीं अपोलो हॉस्पिटल, डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी कंपनियों के शेयर ग्रीन जोन में हैं। सेक्टर कैटेगरी के हिसाब से सिर्फ स्रस्ष्त ने झंडे गाड़े हुए हैं, बाकी सभी में निगेटिव जोन बना हुआ है।

## 10 में से 6 लोग जोड़ों के पुराने दर्द के लिए नहीं लेते डॉक्टर की सलाह: स्टडी

**नई दिल्ली:** हेल्थकेयर से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने वाले प्रिस्टीन केयर ने हाल ही में एक स्टडी की है। इस स्टडी से पता चला है कि भारत के लोगों के बीच हड्डियों और जोड़ों की सेहत से जुड़ी जागरूकता बहुत कम है। भारत में हर साल राष्ट्रीय हड्डी एवं जोड़ दिवस मनाया जाता है, इसका उद्देश्य सेहतमंद हड्डियों और जोड़ों के महत्व को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। रिसर्च में सामने आया है कि जोड़ों के पुराने दर्द से पीड़ित 60 प्रतिशत लोग पेशेवर चिकित्सक की सलाह लेने से परहेज करते हैं। अध्ययन में यह भी पता चला है कि सर्वे में शामिल 10 में से केवल 5 लोगों को हड्डी एवं जोड़ों की सेहत से जुड़ी समस्याओं के बारे में पता है। इस अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि भारत में हड्डी एवं जोड़ों की सेहत से जुड़ी जागरूकता और इलाज के बीच बड़ा अंतर है। अध्ययन में शामिल एक तिहाई से ज़्यादा लोगों ने बताया कि उनके परिवार में हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं का पुराना इतिहास रहा है। इससे इन बीमारियों की आनुवंशिक प्रवृत्ति का भी पता चलता है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि अध्ययन में शामिल 67 प्रतिशत लोगों को बोन डेंसिटी टेस्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जबकि ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डी की बीमारियों का शुरुआती दौर में ही पता लगाने वाला यह एक बेहद जरूरी टेस्ट होता है। प्रिस्टीन केयर के को-फाउंडर डॉ. वैभव कपूर ने कहा कि, आज, जब हम राष्ट्रीय हड्डी एवं जोड़ दिवस मना रहे हैं, ऐसे में हमारे इस अध्ययन के निष्कर्ष भारत की हेल्थ सर्विस में एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, यह समस्या है हड्डी एवं जोड़ों की सेहत के बारे में जागरूकता की कमी। अध्ययन में शामिल 45 प्रतिशत लोगों को इन गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी ही नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि देश में सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता से जुड़ी पहलों को प्राथमिकता दी जाए। आवश्यक टूल्स एवं जानकारी की मदद से, हम भारतीयों को हड्डी एवं जोड़ की बेहतर सेहत को लेकर जागरूक बना सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो इससे हमारे देश में लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। अध्ययन के निष्कर्षों को लेकर बात करते हुए, सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं क्योर माई नी के फाउंडर डॉ. डी.के. दास ने कहा, 卐जोड़ों में दर्द और हड्डियों से जुड़ी समस्या की फैमिली हिस्ट्री मिलकर इस ओर इशारा करती हैं, कि मरीज को बेहतर प्रिवेंटिव हेल्थ सेवा की बड़ी जरूरत है। जबकि सच यह है कि 60 प्रतिशत लोग बीमारी से जुड़े लक्षणों को लेकर डॉक्टर से परामर्श ही नहीं करते हैं।



## ओलंपिक से वापस आकर पिस्टल कोच समरेश जंग को लगा झटका, घर खाली करने को कहा गया

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह को कांस्य पदक दिलाने वाले राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग कोच समरेश जंग को घर लौटने पर जबरदस्त झटका लगा जब उन्हें पता लगा कि उनके घर और इलाके को दो दिनों में ध्वस्त कर दिया जाएगा। ओलंपियन जंग को राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइन्स में खैबर पास इलाके के अन्य निवासियों के साथ नोटिस दिया गया था। नोटिस आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के भूमि और विकास कार्यालय (एलएनडीओ) द्वारा जारी किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि जिस जमीन पर खैबर पास कॉलोनी स्थित है वह रक्षा मंत्रालय की है और इसलिए अवैध है। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यह विध्वंस अभियान क्यों हो रहा है। यह उनकी योजना में है और मुझे इसके बारे में पता भी नहीं है। उन्होंने पूरी कॉलोनी को अवैध घोषित कर दिया है..। जंग ने कहा कि कल शाम यह घोषणा की गई कि उन्हें 2 दिनों के भीतर क्षेत्र खाली करना होगा। उन्होंने बताया, मेरा परिवार 1950 के दशक से पिछले 75 वर्षों से यहां रह रहा है। हम अदालत गए लेकिन हमारी याचिका खारिज कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि दो दिनों में सामान पैक करना और घर खाली करना वाकई मुश्किल है। जंग ने कहा, हम बस कुछ समय चाहते हैं, यह संभव नहीं है कि आपने आज घोषणा की और कल हम घर खाली कर देंगे और वापस चले जाएंगे। इससे पहले, मेलबर्न में 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतने वाले जंग ने गुरुवार शाम को सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त की और कहा कि यह चौंकाने वाला था कि भूमि एवं विकास कार्यालय ने सिर्फ दो दिन के नोटिस के साथ विध्वंस की बेतरतीब घोषणा की। समरेश ने गुरुवार रात एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय निशानेबाजों के दो ओलंपिक पदक जीतने के उत्साह के बाद, मैं, टीम का कोच, ओलंपिक से घर लौटा और निराशाजनक खबर मिली कि मेरा घर और इलाका 2 दिनों में ध्वस्त कर दिया जाएगा। एशियाई खेलों के पूर्व कांस्य पदक विजेता और बीजिंग 2008 ओलंपिक में भाग लेने वाले जंग ने कहा कि एक ओलंपियन के रूप में, वह कम से कम एक सम्मानजनक निकास की उम्मीद करते हैं, साथ ही मामले पर स्पष्टता के साथ कम से कम 2 महीने खाली करने की अपील भी करते हैं।

## मेडल की हैट्रिक पर मनु भाकर की रहेगी नजर लक्ष्य सेन का फोकस सेमीफाइनल पर

**पेरिस( एजेंसी )।** 22 साल की शूटर मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में भारत की सबसे मजबूत दावेदार बनी हुई है। प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन राउंड में निशाना साधकर तीसरे मेडल के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। मनु के पास न सिर्फ हैट्रिक लगाने का मौका है, बल्कि 3 ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनने का भी अवसर है। शुक्रवार को मनु और ईशा सिंह 12:30 बजे से महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफाइंग के प्रिसिजन राउंड में हिस्सा लेंगी। इसके बाद शाम 4:30 बजे, वे दोनों रैपिड सेक्शन में भाग लेने के लिए शूटिंग रेंज



में वापस आएंगे, जिससे उन्हें दो दिवसीय इवेंट में आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद है। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने अभी तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। अब वो क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शाम 6.30 बजे से ताइवान के शटलर चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे और उन्हें हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। एशियाई खेलों के पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरूका 1 बजे शुरू होने वाली पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। धीरज बूमादेवरा और अंकिता भकत तीरंदाजी के मिक्स्ड इवेंट में हिस्सा लेने वाले हैं। बता दें कि ये राउंड ऑफ 16 का मुकाबला है और दोपहर 1.19 बजे से शुरू होगा। दोनों भारतीय तीरंदाज व्यक्तिगत प्रतियोगिता से बाहर हैं और अपने निराशाजनक प्रदर्शन की भरपाई करने की उम्मीद करेंगे। भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जूडो खिलाड़ी तूलिका मान 1:30 बजे से महिलाओं के +78 किग्रा राउंड ऑफ 32 एलिमिनेशन राउंड में क्यूबा की एडलिस ऑर्टिज़ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## ऋषभ पंत, नवदीप सैनी दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में शामिल होंगे







**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) प्रमुख और लीग अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, हर्षित राणा इस महीने के दूसरे हाफ में शुरू होने वाली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेंगे। टी20 टूर्नामेंट, जिसमें पुरुष और महिला दोनों मैच होंगे, अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। लीग के लिए फ्रेंचाइजी नीलामी पिछले रविवार को आयोजित की गई थी और इसमें छह पुरुष टीमों की कुल 49.65 करोड़ रुपये में बिक्री हुई। जेटली ने शुक्रवार को ट्रॉफी उद्घाटन समारोह में कहा, ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, हर्षित राणा और अन्य भारतीय खिलाड़ी डीपीएल के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे। मेरी ऋषभ पंत से बात हुई थी और उन्होंने मुझसे लीग में भाग लेने का वादा किया है, लेकिन यह केवल उनकी उपलब्धता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर निर्भर करता है। लेकिन अभी, वह खेलेंगे, नवदीप और हर्षित भी लीग में शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय, अंडर-23, अंडर-19 सहित पूरी दिल्ली से 270 खिलाड़ियों का ड्राफ्ट शामिल है। लीग के ब्रांड एंबेसडर, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लीग को लेकर अपना उत्साह दिखाया और कहा कि यह उन क्रिकेटरों के लिए एक शानदार अवसर है, जिन्हें आईपीएल या राष्ट्रीय टीम में मौका नहीं मिलता है।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा पहली तिमाही में 116 प्रतिशत बढ़ा, आय 26,000 करोड़ रुपये के पार

**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 116 प्रतिशत बढ़कर 1,458 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी की आय 13 प्रतिशत बढ़कर 26,067 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 23,016 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कंसोलिडेटेड ईबीआईटीडीए 48 प्रतिशत बढ़कर 4,300 करोड़ रुपये हो गया है। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) इकोसिस्टम के तहत आने वाले कारोबार जैसे एयरपोर्ट और सड़क का प्रदर्शन जून तिमाही में शानदार




रहा है, जिसके कारण अदाणी एंटरप्राइजेज के तिमाही मुनाफे में बड़ी बढ़त देखने को मिली है। कंपनी के नए कारोबारों का ईबीआईटीडीए में योगदान वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में बढ़कर 62 प्रतिशत हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 45 प्रतिशत था। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, एईएल ने भारत के एक लीडिंग बिजनेस इनक्यूबेटर और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के ग्लोबल मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। हमारे ईबीआईटीडीए में मजबूत वृद्धि एएनआईएल इकोसिस्टम के प्रदर्शन के कारण हुई है। हमारा एयरपोर्ट ऑपरेशन और सड़क निर्माण का बिजनेस संचालन उत्कृष्टता और वैल्यू क्रिएशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी के सोलर और विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरिंग के बिजनेस का ईबीआईटीडीए जून तिमाही में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 1,642 करोड़ रुपये पर रहा है, जो कि सालाना आधार पर 3.6 गुना बढ़ा है। कुल ईबीआईटीडीए में इसका योगदान बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है। कंपनी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। 10 में से 3 निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स 80 प्रतिशत से ज्यादा पूरे हो चुके हैं।

## श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे जीतते ही भारतीय टीम रचेगी इतिहास

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मैच में 2 अगस्त को खेला कोलंबो में खेला जाएगा. टी 20 सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने वाली टीम इंडिया वनडे सीरीज में भी चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार है. अगर भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे जीत जाती है तो एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी. आईए जानते हैं कि टीम इंडिया किस रिकॉर्ड को अपने नाम कर सकती है. भारत और श्रीलंका के बीच अबतक 168 वनडे मैच खेले गए हैं. भारतीय टीम ने 99 मैच जीते हैं जबकि श्रीलंका को 57 मैच में जीत मिली है. अगर भारतीय टीम पहला वनडे जीत जाती है तो श्रीलंका के खिलाफ उसकी 100 वीं जीत होगी. श्रीलंका ऐसी पहली टीम बनेगी जिसके खिलाफ भारत की वनडे में 100 जीत होगी. टीम इंडिया किसी भी दूसरी टीम के खिलाफ वनडे में 100 मैच नहीं जीती है. भारत ने श्रीलंका के खिलाफ जिन 5 टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे मैच जीते हैं वे हैं वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, जिंबाब्वे, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया हैं. वेस्टइंडीज के खिलाफ 142 मैच में 72, न्यूजीलैंड के खिलाफ 118 मैच में 160, इंग्लैंड के खिलाफ 107 मैच में 58, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 151 मैच में 57, पाकिस्तान के खिलाफ 135 मैच में 57 और जिंबाब्वे के खिलाफ 66 मैचों में 54 जीत दर्ज की है.

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स ( ओ ) ग्रेड के लिए फिर से बुकिंग शुरू की

**बैंगलोर ( एजेंसी ):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 1 अगस्त 2024 से इनोवा हाइक्रॉस जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) मॉडल के लिए बुकिंग फिर से शुरू करने की घोषणा की है। लॉन्च (नवंबर 2022) के बाद से इनोवा हाइक्रॉस को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, इसे एक एसयूवी के आकार और एमपीवी की विशालता के साथ इसके अनुपात के लिए सराहा गया है। बहुमुखी इनोवा हाइक्रॉस, जो सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वैरिएंट [एसएचईवी] के साथ-साथ गैसोलिन रूपांतर में उपलब्ध है, अपने ग्लैमर कोशंट, उन्नत टेक्नालॉजी, आराम, सुरक्षा सुविधाओं और ड्राइव करने के रोमांच के लिए मशहूर है।

भारी मांग के कारण, टॉप एंड ग्रेड की बुकिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इस अवधि में, इनोवा हाइक्रॉस के अन्य ग्रेड, हाइब्रिड और गैसोलिन दोनों के लिए बुकिंग निरंतर जारी रही।




सुव्यवस्थित और बढ़ी हुई आपूर्ति के साथ, प्रतीक्षा अवधि कम हो गई है और इनोवा हाइक्रॉस के शीर्ष ग्रेड की बुकिंग शुरू हो गई है।

इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट, श्री सबरी मनोहर ने कहा, 卐हम इनोवा हाइक्रॉस, जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) के टॉप-एंड ग्रेड्स के लिए बुकिंग फिर से खोलने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो 1 अगस्त 2024 से प्रभावी होगी। यह ग्राहकों की इच्छा पूरी करने के लिए हमारे विविध उत्पाद विकल्पों तक पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा हाइक्रॉस एक बेहद मांग वाला मॉडल बन गया है, जिसे इसके बेजोड़ आराम और सुविधा के लिए सराहा जाता है। अपनी उन्नत तकनीक, मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम और मजबूत डिजाइन के साथ, इनोवा हाइक्रॉस ने बाजार में नए मानक स्थापित किए हैं। हम इस उत्पाद पर अपने ग्राहकों द्वारा दी गई मजबूत स्वीकृति और विश्वास से सही अर्थों में खुश हैं। अस्थायी रोक की अवधि में हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के धैर्य की सराहना करते हैं और उन्हें हुई असुविधा के लिए अफसोस जताते हैं। हमें यकीन है कि इनोवा हाइक्रॉस टॉप-एंड ग्रेड की बुकिंग फिर से शुरू होने से हमारे ग्राहकों के ड्राइविंग अनुभव और समृद्ध होंगे और तथा गतिशीलता आकांक्षाएं पूरी होंगी।

टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर (टीएनजीए) पर आधारित, इनोवा हाइक्रॉस टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता का सम्मान करता है और इससे ब्रांड की विरासत का पता चलता है। यह 5वीं पीढ़ी के सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम द्वारा संचालित है। इसमें टीएनजीए 2.0-लीटर 4-सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई-ड्राइव सीक्वेंशियल शिफ्ट के साथ एक मोनोकोक फ्रेम है, जो 137 केडब्ल्यू (186 पीएस) का अधिकतम पावर आउटपुट देता है। यह तेज़ गति और सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ ईंधन अर्थव्यवस्था प्रदान करता है जो इनोवा हाइक्रॉस को हरित कल के लिए एक बुद्धिमान विकल्प बनाता है।

पारिवारिक जरूरतों के लिए डिज़ाइन की गई, सुविधाओं से भरपूर इनोवा हाइक्रॉस हर अवसर के लिए वाहन है, जो ग्लैमर, मजबूती, आराम, सुरक्षा और उन्नत तकनीक प्रदान करता है। टोयोटा की समृद्ध वैश्विक एसयूवी विरासत से प्रेरणा लेते हुए, इनोवा हाइक्रॉस में पर्याप्त जगह के साथ एक दमदार और ठोस डिज़ाइन है, जो सभी के लिए लचीली और आरामदायक सीटिंग प्रदान करता है।



विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# हरेली तिहार

## 4 अगस्त 2024

## जम्मो छत्तीसगढ़िया मन ला गाड़ा- गाड़ा बधई...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

## खेती- किसानी अउ खुशहाली

### धान खरीदी
3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़

### मिला बकाया धान बोनस
13 लाख किसानों को मिला 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, खाते में पहुंचे 3716 करोड़ रुपए

### प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड
सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को खाद बीज एवं कृषि उपकरणों की खरीदी के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लोन

### किसानों को अतिरिक्त लाभ
धान का समर्थन मूल्य और रकबा बढ़ने से किसानों को प्रति एकड़ करीब 25,500 रूपए का अतिरिक्त लाभ



महावृक्षारोपण अभियान
एक पेड़ माँ के नाम
प्रदेश में रोपे जा रहे करीब 4 करोड़ पौधे

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Samwad RO No. 41055/33